



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 248 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 08 जून 2024 डाक 09 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

अखिलेश यादव को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद सम्मानित किया गया



**देश-विदेश**

अखिलेश जहां नहीं जीते, वहां लगाया भाजपा पर आरोप, हारे उम्मीदवारों को कहा 'सम्मांसद'



**फीचर पेज**

डेंड्रफ की वजह से सिर में होती है खुजली, तो रोजाना करें इस चीज से बालों की मालिश




## सपा के वरिष्ठ नेता डीपी यादव ने गोली मारकर किया सुसाइड

### लोकसभा चुनाव में पार्टी ने छीनी थी अहम जिम्मेदारी



**मुरादाबाद, 08 जून [एजेंसी]।**

समाजवादी पार्टी के निर्वातमान जिलाध्यक्ष ने शनिवार सुबह गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर उनके रिश्तेदार और कार्यकर्ता उनके बुद्धिविहार में आवास पर पहुंच गए। पूर्व राज्यसभा सांसद वीरलोकसभा चुनाव में पार्टी ने छीनी थी अहम जिम्मेदारी सिंह ने पुलिस को घटना की सूचना दी। अभी आत्महत्या करने करना का पता नहीं लगा। डीपी यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। समाजवादी पार्टी में महत्वपूर्ण पद नहीं मिलने के बावजूद वे पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते रहे। पंचायत चुनाव में पार्टी में गुटबाजी के चलते उनके साले और सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह पद से हटाकर उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया था।

## सरकार बनने से पहले मणिपुर फिर चर्चा में, जिरीबाम जिले तक पहुंची आंच, आगजनी के बाद कर्फ्यू



**मणिपुर 08 जून।** केंद्र में सरकार बनने से पहले मणिपुर एक बार फिर चर्चा में है। यहां उग्रवादियों ने शख्स की हत्या कर दी जिसके बाद से ही यहां तनाव बना हुआ है। जिले में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू है। दरअसल जिरीबाम जिला अब तक जातीय हिंसा से बचा हुआ था लेकिन इसके भी चपेट में आ जाने से सियासत गरमा गई है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि लोकसभा के पहले सत्र में ही मणिपुर को लेकर जोरदार हंगामा देखन को मिल सकता है। जिरीबाम के जिला मजिस्ट्रेट ने एसपी को घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने और सुरक्षा बलों को तैनात करने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा बलों के बीच त्वरित संचार और प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए असम राइफल्स, सीआरपीएफ, मणिपुर पुलिस और भारतीय रिजर्व बटालियन को शामिल करते हुए एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। संदिग्ध उग्रवादियों ने 59 वर्षीय सोइबम सरत कुमार सिंह की हत्या कर दी। इसके बाद स्थानी लोग सड़कों पर उतर आए और आगजनी कर दी।

# चुनावी समीक्षा के लिए कांग्रेस की बैठक शुरू, मल्लिकार्जुन खड़गे सहित सोनिया गांधी और राहुल-प्रियंका हुए शामिल

**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव परिणाम के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा शामिल हुए हैं। बैठक में कांग्रेस चुनाव नतीजों की समीक्षा करेगी, साथ ही भविष्य की रणनीति पर भी मंथन होगा। कांग्रेस इस बैठक में तमाम राज्यों के पीसीसी चीफ के साथ ही विधायक दल के नेता भी शामिल होने पहुंचे हैं, जो राज्यवार पार्टी के प्रदर्शन पर मंथन करेंगे। साथ ही संगठन को बेहतर करने पर भी चर्चा होगी। इस चुनाव में कांग्रेस की स्थिति पिछली बार से कुछ हद तक सुधरी है, लेकिन कांग्रेस फिलहाल दहाई के अंक तक ही सीमित है। कांग्रेस को इस चुनाव में 99 सीटों पर जीत मिली है और पार्टी देश में दूसरी



सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। साथ ही कांग्रेस ने विपक्ष का नेता बनने का अधिकार भी हासिल कर दिया है। कांग्रेस के संसदीय दल की बैठक भी आज शाम को की जाएगी। जिसमें नेता प्रतिपक्ष का चुनाव होगा। कांग्रेस के एक धड़े की मांग है कि राहुल गांधी को दोबारा नेता प्रतिपक्ष बनाया जाना चाहिए। हालांकि शाम तक साफ हो जाएगा कि इस बार लोकसभा में पीएम मोदी के सामने कौन होगा। वहीं संसदीय दल के नेता को लेकर सांसद डीन कुरियाकोस ने कहा कि संसदीय दल आज एक नेता का चयन करेगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि राहुल गांधी संसदीय दल के नेता होंगे। हमारे पास अभी अच्छी संख्या है। हम एक अच्छा विपक्ष बनाएंगे। हम बीजेपी के खिलाफ लड़ेंगे।

### *राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनना ही होगा बैठक में वीरप्पा मोइली ने की पार्टी से अपील*

*नई दिल्ली। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की आज दिल्ली में अहम बैठक हो रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बैठक में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष का नाम तय किया जाएगा। कांग्रेस के कई नेताओं ने कहना है कि राहुल गांधी को विपक्ष नेता बनाया जाए।*

## मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के यहां चल रही ईडी की छापेमारी



**राजनांदगांव।** जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ़ में आज शनिवार को ईडी ने दबीश दी है। ईडी ने मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और डोंगरगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के घर पर सुबह छापा मारा है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के घर पर सुबह 5 बजे से ईडी की छापेमार कार्रवाई जारी है। ईडी ने दो अलग-अलग गाड़ी में पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के ठिकाने पर रेड कार्रवाई की है। फिलहाल ईडी की कार्रवाई जारी है।

## सेंट्रल जेल में चीनी नागरिक ने की आत्महत्या की कोशिश, मचा हड़कंप

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर स्थित शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में बंद चीनी नागरिक ली जियाकी (63 वर्ष) ने खुद को गंभीर रूप से जख्मी कर लिया है। जेल के हॉस्पिटल वार्ड के शौचालय में वह घायल अवस्था में बेहोश मिला। जेल प्रशासन ने उसे बेहतर इलाज के लिए कल देर शाम एसकेएमसीएच में भर्ती कराया है। जेल प्रशासन का मानना है कि ली जियाकी ने आत्महत्या का प्रयास किया है। एक दिन पहले शुक्रवार को उसे ब्रह्मपुरा थाने की पुलिस ने जेल भेजा था। वह




बिना वीजा के नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर गया और संदिग्ध हालत में शहर में पकड़ा गया।

हॉस्पिटल वार्ड में साथी बंदियों से जेल प्रशासन ने पूछताछ की है। बंदियों का कहना है कि चीनी नागरिक ने अपने चश्मे का शीशा तोड़कर उससे अपने प्राइवेट पार्ट को काटने का प्रयास किया। उसे गहरा जख्म आया और अत्यधिक खून रिसाव से वह शौचालय में ही बेहोश हो गया था। हल्ला होने पर तुरंत सुरक्षा कर्मी पहुंचे और आनन फानन में अस्पताल भेज दिया गया ताकि समय से उसका इलाज शुरू हो सके।

## मौसम का प्रकोप: पांच दिन अंधड़-गर्मी से राहत नहीं, महाराष्ट्र में हादसों में आठ की मौत

**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

उत्तर भारत को पांच दिन अंधड़ और गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। राजस्थान में अंधड़ से उखड़े पेड़ की चपेट में आकर मां-बेटी की मौत हो गई। महाराष्ट्र में वर्षाजनित हादसों में आठ लोगों की मौत हो गई है। संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ है। वहीं, मध्य प्रदेश के दस जिलों में भी आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी भारत, उत्तर प्रदेश व पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश में पांच दिन लू की



संभावना है। उत्तर पश्चिम भारत में शनिवार और रविवार को तेज गरज के साथ बारिश हो सकती है। आंधी-तूफान भी आ सकता है। हालांकि, बीते 24 घंटे के दौरान इन राज्यों में तापमान में कुछ गिरावट आई, लेकिन पारा 42-44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा। उत्तर प्रदेश के उरई में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश व राजस्थान के ऊपरी वायुमंडल में चक्रवात बना हुआ है, जिससे अरब सागर से नमी लिए हवाएं बह रही हैं। इसके असर से 10 जिलों में बारिश व अंधड़ की संभावना है। वहीं, केरल के तीन जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज और पांच अन्य जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### श्रीनगर में बारिश, गुलमर्ग के पहाड़ों पर बर्फ की चादर

जम्मू-कश्मीर में जून माह के शुरुआती दिनों में 40 डिग्री को छू रहा पारा, पिछले तीन दिनों से आंधी-तूफान और बारिश के कारण नीचे आ गया है। कश्मीर में कुछ स्थानों पर बारिश के साथ गुलमर्ग सहित अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। जम्मू में भी तेज गर्मी से थोड़ी राहत है। घाटी में मौसम सुहावना बना हुआ है। यहां अधिकांश जिलों में दिन का पारा सामान्य से 6 से 8 डिग्री तक नीचे चला गया है। रात में भी ठंडक कायम है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से दो यात्रियों की मौत

**फिरोजाबाद, 08 जून [एजेंसी]।**

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर श्रद्धालुओं से भरी एक बस चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे से नीचे उतर कर पलट गई। रात तीन बजे हुई इस दुर्घटना में बस में सवार 65 यात्रियों में से 40 घायल हो गए। इनमें से दो की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। नसीरपुर थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 51 पर हुई। उस समय अधिकांश यात्री सो रहे थे। उनमें चीखपुकार मच गई। घटना के कुछ देर बाद ही यूपीडा



और पुलिस की टीम पहुंच गई। एसपी ग्रामीण कुमार रण विजय सिंह भी आ गए।

घायलों को बस से निकाल कर जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद और फिरोजाबाद मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। जहां 20 वर्षीय अंशु निवासी धमदा, छत्तीसगढ़ और सात वर्षीय अमित की मृत्यु हो गई। नसीरपुर इंस्पेक्टर शेर सिंह ने बताया कि सभी यात्री छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं जो वैष्णो देवी से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। चालक को नींद आने के कारण घटना हुई है।



## नरेला की फैक्ट्री में आग लगने से 03 लोगों की मौत, छह मजदूर झुलसे

**उत्तरी दिल्ली 08 जून।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र में मूंग दाल ड्राई करने वाली फैक्टरी में शनिवार तड़के साढ़े तीन बजे भीषण आग लग गई। इसकी जानकारी तुरंत दमकल और पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद यहां फंसे नौ श्रमिकों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया। दिल्ली में नरेला की फैक्ट्री में आग लगने से तीन लोगों की मौत, छह मजदूर झुलसे। घायलों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त के मुताबिक मरने वालों की पहचान श्याम, राम सिंह और बीरपाल के रूप में हुई है। घायलों को सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है, पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में कुछ लोगों को भागने के दौरान चोट लगी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि फैक्टरी में कच्चे मूंग को गैस बर्नर पर भूना जाता है, पाइप लाइन में से एक में गैस लीक होने से आग फैल गई, जिससे कंप्रेसर गर्म हो गया और उसने विस्फोट हो गया।

## रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का निधन, राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा अंतिम संस्कार

**हैदराबाद, 08 जून [एजेंसी]।**

ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का आज सुबह हैदराबाद तेलंगाना में 87 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। हैदराबाद के स्टार अस्पताल में इलाज के दौरान रामोजी राव की सुबह 3.45 बजे मृत्यु हुई। कुछ दिन पहले ही वे स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती हुए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रामोजी राव के पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाने की तैयारी चल



रही है, जहां परिवार, मित्र और करीबी लोग दिवंगत आत्मा को अंतिम श्रद्धांजलि देंगे। तेलंगाना सरकार ने रामोजी राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का फैसला किया है।

सीडब्ल्यूसी की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली में मौजूद मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव के माध्यम से रंगारेड्डी कलेक्टर और साइबराबाद कमिश्नर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के आयोजन की व्यवस्था की निगरानी करने के आदेश जारी किए हैं।

### पीएम मोदी ने जताया शोक

रामोजी राव के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, श्री रामोजी राव गारू का निधन अत्यंत दुखद है।

वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय मीडिया में क्रांति ला दी। उनके समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। अपने उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए। रामोजी राव गारू भारत के विकास के प्रति बेहद भावुक थे। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। इस कठिन समय में उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति।

## दिल्ली में कल से दो दिन नो फ्लाइंग जोन, तीन स्तरीय सुरक्षा

**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

दिल्ली पीएम नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे शपथ ग्रहण को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने रविवार से दो दिन (9 व 10 जून) तक राष्ट्रीय राजधानी को उड़ान प्रतिबंधित क्षेत्र (नो फ्लाइंग जोन) घोषित किया है। इस दौरान पैराग्लाइडर, पैरा- मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, हॉट एयर बलून, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट और रिमोट से संचालित विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध रहेगा। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए बताया कि ऐसी सूचना है कि भारत विरोधी कुछ आपराधिक, असामाजिक तत्व या आतंकवादी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित करने के साथ इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के पास ड्रोन और लेजर बीम गतिविधियों को रोकने के लिए भी निषेधाज्ञा लागू की गई है। बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस व सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जा रहा है।

## 7 नक्सली ढेर, डीव्हीसीएम कैडर का कमांडर भी मारा गया

**रायपुर 08 जून।** छत्तीसगढ़ में जवानों 7 नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सीमा में मुठभेड़ हुई है। मारे गए नक्सलियों के शव समेत हथियार भी बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में एक DVCM कैडर का कंपनी कमांडर है। जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। मौत के आंकड़े और बढ़ सकते हैं। वहीं 3 जवान भी जख्मी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि पूर्व बस्तर डिवीजन इलाके में मुंगेड़ी, गोबेल गांव के जंगल में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। मुखबिर की इसी सूचना के बाद दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर और कोंडागांव जिले की डीआरजी और आईटीबीपी की टीम को मौके के लिए 6 तारीख को निकाला गया था। बताया जा रहा है कि करीब 1200 से ज्यादा जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। वहीं 7 तारीख की सुबह से ही पुलिस और नक्सलियों के बीच में रुक-रुककर गोलीबारी होनी शुरू हुई। मिली जानकारी के मुताबिक जब मुठभेड़ खत्म हुई तो जवानों ने इलाके की सर्चिंग की, जिसमें 7 नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। जवान अभी मौके पर ही मौजूद हैं।


डिलाईट फैशन
ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा
Wedding Collection
कोटसूट | शेरवानी | इंडोवेस्टर्न
ब्लेज़र | जोधपुरी | लहंगा



U.S. POLO ASSN. MUFTI KILLER Levi's BLACKBERRYS nostrum
प्लॉट नं. 81, टीवीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# खिलाड़ियों एवं खेल संघों को प्रेरणानिधि देगी राज्य सरकार , जल्द करें आवेदन



कोरबा । खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों/निर्णायकों को षहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, षहीद कौषल यादव पुरस्कार वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, षहीद विनोद चौबे सम्मान, षहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राषि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करता है।

राज्य खेल अलंकरण अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत पांच वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला/पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक आयु के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिये हों या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त या ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल क्षेत्र में की हो उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है।

नगद राषि, खेल वृत्ति एवं प्रेरणा निधि आदि से संबंधित पुरस्कार नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाषित किए गए हैं, जिसका आवेदन प्रारुप संचालनालय के विभागीय वेबसाईटसीजी.जीओवी.इन पर देखे जा सकते हैं।शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार हेतु तीन लाख, शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु एक लाख पचास हजार, वीर हनुमान सिंह हेतु एक लाख पचास हजार, विनोद चौबे एवं पंकज विक्रम सम्मान हेतु 25-25 हजार नगद पुरस्कार प्रदाय किया जायेगा। इसी प्रकार सीनियर एवं जूनियर वर्ग के दलीय खेलों के लिये मुख्यमंत्री ट्राफी प्रदान किया जाएगा, जिसमें ऐसे दलीय खेल जिसमें सदस्य संख्या 4 है उन्हें सीनियर वर्ग में दो लाख तथा जूनियर वर्ग में एक लाख तथा ऐसे दलीय खेल जिनमें सदस्यों की संख्या 4 से अधिक है उन्हें सीनियर वर्ग में पांच लाख एवं जूनियर वर्ग में तीन लाख नगद एवं मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में जिन खिलाड़ियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किये हों वे खिलाड़ी निर्धारित आवेदन प्रपत्र में पूर्ण कर 25 जून तक जिला कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण में अथवा 30 जून तक संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर में जमा कर सकते हैं।राज्य खेल संघों को प्रेरणा निधि राशि, खेल संघों की उपलब्धियों के आधार पर नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

यदि प्रोत्साहन नियमों में किसी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन होता है तो संशोधित प्रावधानों के तहत परीक्षण कर निर्णय लिया जाएगा। अन्य जानकारी हेतु आवेदक विभाग के जिला कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# ज्योत्सना महंत का अखबार वितरक संघ ने किया स्वागत



कोरबा। लोकसभा चुनाव के पश्चात कोरबा लोकसभा क्षेत्र से विजई प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत का जगह-जगह स्वागत अभिनंदन हो रहा है इस कड़ी में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा कोरबा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत को उनके निवास स्थान पहुंच पुष्प गुच्छ दे कर टीम द्वारा शुभकामनाएं और बधाई दी गई। जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू जिला सचिव जय कुमार नेताम कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण राठौर राजकुमार पटेल तपेश्वर राठौर अनिल गिरी रामा कृष्ण निर्मलकर दिलीप यादव सुनील साहू ओंकार दीपक यश नेताम उपस्थित थे। इस अवसर पर श्रीमती ज्योत्सना महंत ने सभी पदाधिकारी से परिचय प्राप्त किया और कहा की क्षेत्र के विकास में हम सब को मिलकर भूमिका निभानी है।

## 118 अतिथि शिक्षकों की होगी नियुक्ति, शिक्षा के स्तर में होगा सुधार

कोरबा । जिले के ऐसे हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय जहां शिक्षकों की कमी की वजह से स्कूल के विद्यार्थी ठीक से ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाते हैं, उन स्कूलों में जिला खनिज न्यास निधि से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। जिले में ऐसे 118 विद्यालय चिन्हित एवं चयनित किए गए हैं। नए सत्र से शीघ्र ही इन विद्यालयों में विषय वाले शिक्षक पहुंचेंगे और विद्यार्थियों को संबंधित विषय पढ़ाने के साथ ही समय पर सिलेबस भी पूरा कराएंगे। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के लगभग 118 विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की मानदेय आधार पर नियुक्ति के संबंध में निर्देश दिए हैं। जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत इन शिक्षकों की नियुक्ति जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मेरिट लिस्ट के आधार पर होगी। शिक्षकों को प्रतिमाह 12 हजार रूपए मानदेय के रूप में प्रदान किया जाएगा। यह नियुक्ति अस्थाई होगी और विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। जिले में नए सत्र 2024 से ही शिक्षकों की नियुक्ति प्रारंभ कर दी जाएगी। विषय विशेषज्ञ वाले शिक्षकों की कमी दूर होने से विद्यार्थी समय पर न सिर्फ विषय ज्ञान प्राप्त करेंगे अपितु परीक्षाओं में बेहतर परिणाम भी लाएंगे। जिले में हिन्दी विषय के 18, अंग्रेजी के 11, संस्कृत विषय के 21, गणित के 11, फिजिक्स के 07, कैमेस्ट्री के 05, बायोलॉजी के 03, इतिहास के 02, राजनीतिक विज्ञान के 14, अर्थशास्त्र के 13, जियोग्राफी के 05, कॉमर्स के 08 विषय शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। कलेक्टर वसंत ने इस संबंध में बताया कि जिले के कई स्कूलों में विषय से संबंधित शिक्षकों की कमी को लेकर शिकायतें आती रहती हैं। स्कूल में विषय से संबंधित शिक्षक नहीं होने पर विद्यार्थियों को अध्ययन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही परीक्षाओं के परिणाम पर भी असर होता है। जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की जानकारी मांगी गई थी। कुल 118 विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी की सूची प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर डीएमएफ से उन विद्यालयों में मानदेय के आधार पर नियुक्ति की जा रही है। इससे जिले में शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ ही परीक्षाओं के परिणाम बेहतर होंगे।

# रोजगार दिवस में ग्रामीणों को पर्यावरण प्रबंधन का बताया गया महत्व

कोरबा । महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में, मनरेगा कार्यस्थलों में प्रतिमाह 07 तारीख को मनाए जाने वाले रोजगार दिवस में शुक्रवार को ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी गई। इसके साथ ही मनरेगा मजदूरी भुगतान प्रक्रिया के विषय में बताया गया।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन व जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा के तहत जागरूकता गतिविधि के रूप में प्रत्येक माह की 07 तारीख को ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया जाता है। रोजगार दिवस पर ग्रामीणों, मनरेगा के पंजीकृत श्रमिकों को बताया गया कि 05 जून से 12 जून 2024 तक गांवों में स्वच्छ हरित सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत भू-जल को रिचार्ज करने एवं जलभराव को लंबी अवधि तक रोकने में सोक पिट एवं वॉटर हार्वेस्टिंग संरचना मदद करती है। वर्षा जल के प्रभावी प्रबंधन के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर सार्वजनिक नलकूप/हैंडपंप के पास सोक पिट का निर्माण किया जाए तथा सार्वजनिक पक्के भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप पिट से जैविक कचरे को पोषक तत्व के रूप में जैविक खाद बनाने तथा जैविक कचरे के प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य में सुधार के लिए वर्मी कम्पोस्ट/नाडेप पिट बनाने के लिए मनरेगा हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों के कचरे से कम्पोस्ट खाद, अपशिष्ट पदार्थों के पुनः उपयोग एवं गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे की रिसाइकलिंग के लिए प्रेरित किया गया ताकि भूमि में कचरे के रोकथाम के साथ पोषक खाद बनाया जा सके।

इसके साथ ही ग्रामीणों को मनरेगा के वर्तमान में प्रचलित मजदूरी दर 243 रूपए तथा मजदूरी भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मनरेगा श्रमिकों को प्राप्त अधिकारों तथा हकदारियों के विषय में भी बताया गया। ग्राम पंचायत गुरसिया, कोथारी, तानाखार, चांपा, राल, रलिया, नवापारा, रिंगनिया, चचिया आदि ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, सरपंच, पंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण एवं मनरेगा श्रमिक उपस्थित थे।





## रेलवे कालोनी क्षेत्र में हुई चोरी

कोरबा कोरबा रेलवे कर्मी निवासी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बलौदा गए थे। सुने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। जानकारी के अनुसार चोरों ने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, 8 हजार रुपए नकदी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। पुलिस ने बताया कि रेलवे कॉलोनी मकान नंबर 62/4 में आशा यादव परिवार के साथ रहती है। उसका पति खुद का व्यवसाय करता है। वे सोमवार को सपरिवार मकान में ताला लगाकर ग्राम बलौदा चारपारा चले गए थे। बुधवार सुबह लगभग 6ः30 बजे कॉलोनी में रहने वाले एक सदस्य ने फोन से सूचना देते हुए बताया कि मकान का ताला टूटा हुआ है। मकान का सामान भी बिखरा हुआ है। तब वे घर वापस घर लौटे। जांच करने पर पाया की मकान में रखे सोने का नेकलेस, चांदी की दो चैन, पायल, हाथ फुल, पांव फुल, सोने का कान टॉप्स, चांदी का कमरबंध, चाबी छल्ला, नथनी, सोने व चांदी की अंगुठी, बिछिया, चुड़ी, सोने की बिंदिया, नथ, लॉकेट, चांदी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली गयी हैं।

# बोरर प्रकोप से जूझ रहे 1200 साल वृक्षों का चिन्हांकन किया, 923 को काटने की तैयारी

## पर्यावरण व वन मंत्रालय से मिली मंजूरी

कोरबा । कोरबा जिले में बालकों के सघन वन क्षेत्र अंतर्गत साल पेड़ पर बोरर का प्रकोप बढ़ता जा रहा हैं। इसकी रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आखिरकार विभागीय अधिकारियों ने बीमारी की जद में आ चुके करीब 12 सौ पेड़ों को चिन्हांकित किया। अधिकारियों के लगातार प्रयास के बाद केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 923 वृक्ष को काटने अनुमति प्रदान की हैं। अब तक विभाग ने 497 पेड़ों की कटाई की है जल्द पूरी तरह सूख चुके शेष पेड़ों की कटाई की जाएगी, ताकि जंगल को सुरक्षित रखा जा सके।

अधिकारियों ने बोरर के प्रकोप को नियंत्रित करने योजना तैयार कर ली। योजना के मुताबिक सूख चुके पेड़ों की गणना की गई। जिसमें 1200 से अधिक पेड़ को चिन्हांकित किया गया। बोरर कीट को नष्ट करने दवा का छिड़काव भी किया गया। पेड़ों के उन हिस्सों को ब्लॉक किया गया, जहां से बोरर कीट ने प्रवेश किया था। जिससे लगातार बढ़ रहे बोरर पर अंकुश तो लगा लिया गया, लेकिन पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। इस पर पूरी तरह अंकुश लगाने ठोस पहल जरूरी थी। लिहाजा वर्ष 2022-23 में कोरबा वन मंडल के तत्कालीन डीएफओ प्रियंका पांडेय ने 923 पेड़ों की कटाई के लिए प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को भेज दिया था। वन अफसरों की लगातार प्रयास के बाद मंत्रालय ने पेड़ काटने अनुमति प्रदान कर दी हैं। इसके साथ ही वन विभाग ने पेड़ों की कटाई भी शुरू कर दी है। अब तक बालको के जंगल में बोरर की जद में आ चुके 497 पेड़ों की कटाई की जा चुकी है, बताया जा रहा है आने वाले दिनों में शेष पेड़ों की कटाई पूरी कर ली जाएगी, ताकि जंगल के भीतर लगे साल वृक्षों को कीट से बचाया जा सके।

बोरर एक प्रकार का कीट है, जो एक बार में 300 से 500 अंडा देता है। साल बोरर मानसून समाप्त होने के बाद पेड़ पर लगता है, जो उम्र भर पेड़ पर रहता है। एक हरे भरे पेड़ को 1500 कीट घुन की तरह चट कर जाते हैं। बोरर को समाप्त करने का एकमात्र उपाय पेड़ की कटाई है, अन्यथा यह अन्य साल पेड़ में तेजी से फैल जाता है।

# 40 से अधिक छात्रों की संख्या होने पर सीबीएसई स्कूलों में शुरू करने होंगे अतिरिक्त सेक्शन

कोरबा। सीबीएसई से संबद्धता लेने वाले स्कूल प्रत्येक कक्षा में 40 से अधिक बच्चों को एडमिशन नहीं दे सकते। 40 से अधिक बच्चे होने पर सेक्शन बढ़ाने के लिए अनुमति लेनी है। सीबीएसई ने दो साल पहले तीन सत्रों के लिए अपवाद के तौर पर तबादले या अन्य विशेष परिस्थितियों में 45 बच्चों को प्रवेश देने की छूट दी थी, लेकिन इसके लिए बकायदा पोर्टल पर आवेदन कर अनुमति लेनी थी।

कई निजी स्कूलों में अधिक संख्या में बच्चों को बिठाया जाता है। बता दें कि समग्र शिक्षा ने देश में शिक्षा नर्सरी-केजी के स्तर पर 20-1, प्राइमरी स्तर पर 30-1 और मिडिल स्कूल के स्तर पर 30-1 का छात्र-शिक्षक अनुपात निर्धारित किया है। वहीं हर स्तर पर वर्ष 2025 तक 20-1 के अनुपात का लक्ष्य तय किया गया है। स्टूडेंट्स को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) स्कूलों से संबद्धता देता है। सीबीएसई ने संबद्धता देने के लिए मापदंड तय किए हैं, इसमें समय-समय पर जारी किए जाने वाले गाइडलाइन की जानकारी सभी स्कूलों को दी जाती है। सीबीएसई ने स्पष्ट कहा है कि संबद्धता लेने और उसे नियमित करने के लिए सभी नियमों और शर्तों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

सीबीएसई ने प्रत्येक कक्षा में छात्रों की संख्या को लेकर सख्त नियम तय किए हैं। सीबीएसई के संबद्धता नियम 2018 के नियम 4.8 के अनुसार स्कूल प्रत्येक कक्षा में सिर्फ 40 बच्चों को ही प्रवेश दे सकते हैं। इस नियम के अनुसार प्रत्येक छात्र के लिए फर्श पर एक वर्गमीटर जगह होनी जरूरी है। इसे लेकर सीबीएसई ने कई बार सर्कुलर भी जारी किए हैं, लेकिन अधिकांश स्कूल इस नियम की अनदेखी करते हैं। स्कूल संबद्धता के लिए निर्धारित नियम और शर्त पूरी करने और बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की स्थिति में 40 से अधिक बच्चों के प्रवेश की जरूरत पर सेक्शन बढ़ाने आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए 30 जून तक सीबीएसई के सरस पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।सीबीएसई ने 2 अगस्त 2023 को एक पत्र जारी किया था, इसके तहत तबादले पर आने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के बच्चों को मिड सेशन में एडमिशन देने की स्थिति में ही 45 बच्चे की सीमा बढ़ाने की छूट दी थी। ये अगले तीन शैक्षणिक सत्रों यानी (सत्र 2023-2024, 2024-2025 और 2025-2026) में जूनियर कक्षाओं में लागू होना था, लेकिन स्कूलों को इसके तत्काल बाद अगले सत्र से 40 बच्चों की सीमा का पालन करना था। सीबीएसई के पत्र के अनुसार अगले तीन शैक्षणिक सत्रों में अपवाद के तौर पर प्रत्येक सेक्शन में 45 बच्चों को एडमिशन देने पर विवेक से निर्णय लेने को कहा गया था। यह भी तबादले पर आने वालों के बच्चों और विशेष परिस्थितियों में ही लागू होना था, लेकिन अधिकांश स्कूल मनमानी पर उतर आए हैं।

## लखनलाल देवांगन नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल



कोरबा । प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन रविवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन नई दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। शनिवार की दोपहर 3 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। रविवार की शाम 7 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। सोमवार की सुबह चैंबर ऑफ कॉमर्स नई दिल्ली के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। सोमवार की दोपहर 2:30 बजे नई दिल्ली विमानतल से रायपुर के लिए रवाना होंगे। कैबिनेट मंत्री देवांगन के साथ कोरबा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, निज सचिव नरेंद्र पाटनवार भी शामिल होंगे।

## डीएमएफ से 01 करोड़ की लागत से बनेगा वृद्धाश्रम,असहाय वृद्धजनों को नहीं पड़ेगा भटकना

कोरबा । जिला प्रशासन ने बड़ी पहल करते हुए खनिज न्यास निधि से जिले में बेसहारा,असहाय वृद्धजनों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने वृद्धाश्रम का संकल्प लिया है। इस दिशा में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 54 सर्वमंगला मंदिर के पास स्थित आश्रम का नवीनीकरण करते हुए 01 करोड़ 01 लाख 22 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। वृद्ध और निःशक्तजनों के कल्याण की विशेष कार्यक्रम के तहत संचालित होने वाले इस आश्रम में 60 पुरूष एवं महिला वृद्धों को आवासीय सुविधा मिलेगी। इसके निर्माण के साथ ही कोरबा जिला में जिला प्रशासन द्वारा संचालित यह पहला सर्वसुविधा युक्त वृद्धाश्रम होगा।कोरबा जिले में बेसहारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए व्यवस्थित एवं सुविधायुक्त वृद्धाश्रम भवन की कमी लंबे समय से बनी हुई थी। इस दिशा में पहल करते हुए जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास मद के तहत वृद्धाश्रम बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने सर्वमंगला मंदिर के समीप संचालित वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं, कमियों और समस्याओं को संज्ञान में लेकर बेसहारा वृद्धजनों के कल्याण के लिए पुराने आश्रम भवन को संवारने का निर्णय लिया है। लगभग 01 करोड़ से अधिक राशि की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर कलेक्टर ने जीर्ण-शीर्ण हो चुके पुराने आश्रम के भवन को नवीनीकृत करने का अहाता, नवीन शौचालय, विद्युतीकरण के कार्यों को प्राथमिकता दी है। सुविधायुक्त वृद्धाश्रम बनने से यहां रहने वाले वृद्धजनों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं 60 की संख्या के आधार पर भवन में कमरे आदि होने पर इधर-उधर भटकने वाले बेसहारा वृद्धजनों को आवासीय सुविधा मुहैया हो सकेगी।

## कोषालय में पेपर लेस बिल प्रस्तुत करने की तैयारी

कोरबा। संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ शासन रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला कोषालय अधिकारी कोरबा श्री पी. आर. महादेवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार निकट भविष्य में पेपर लेस बिल कोषालय में प्रस्तुत की जाएगी बिल ऑनलाइन तैयार किया जाएगा और ऑनलाइन ही कोषालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



# एनएच के निर्माण में सुस्त चाल लोगों को हो रही भारी परेशानी

कोरबा। जिले में कोरबा से चांपा के मध्य निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है। कई स्थान पर अभी भी निर्माण अधूरा होने के कारण इस रास्ते से गुजरने वाले खासकर छोटे-बड़े वाहनों के चालकों और ग्रामवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मानसून अब नजदीक ही है और ऐसे में बरसात शुरू होने से पहले कार्य में गति नहीं लाई गई तो पूरी बरसात समस्या और बढ़ी रहेगी। जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण अथॉरिटी को संज्ञान लेकर कार्य की गति बढ़ानी चाहिए।

कलेक्टर को पत्र लिखकर कोरबा-चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-149बी के अधूरे निर्माण को अविलंब निर्माण कराने की मांग की है। कोरबा-जांजगीर-चांपा के मध्य विगत वर्षों से राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-149बी का निर्माण हो रहा है। लंबे समय से ग्राम पताढ़ी, सरगबुंदिया, बरपाली, मड़वारानी तथा कोथारी के मुख्य चौराहे में निर्माण कार्य अधूरा है, जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटना होते रहती है। विगत कुछ दिन पूर्व इसी वजह से एक व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। पिछले सप्ताह ग्राम पताढ़ी के पास लैंको पावर प्लांट के मुख्य गेट के सामने लगभग 5 घंटे तक भारी वाहनों के कारण जाम लग गया था, जिससे आम राहगीरों व बीमार लोगों को आने-जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। आने वाले 15 दिनों में छत्तीसगढ़ में मानसून आने की संभावना है और अगर बरसात के पूर्व अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं कराया गया तो आम जनता की मुश्किलें काफी बढ़ जाएगी। अधिवक्ता दिलीप मिरी ने मांग की है कि बरसात के पूर्व अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण करवाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। जल्द निर्माण कार्य नहीं होता है तो सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# सीईओ करतला का चार्ज मिला देवांगन को

कोरबा। जिले में आचार संहिता समाप्ति के बाद स्थानांतरण का दौर पुनः शुरू हो गया है। इस कड़ी में कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने सहायक परियोजना अधिकारी मोहनीश देवांगन जिला पंचायत कोरबा को प्रशासनिक व्यवस्था के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला का संपूर्ण प्रभार सौंपा है। माखन सिंह नागेश को कार्यालय परियोजना प्रशासक एकिकृत आदिवासी विकास परियोजना कोरबा में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।

## जंगल की ओर से पैदल जा रहा था गांव, सिर और दाएं हाथ पर गंभीर चोटें

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शुक्रवार की दोपहर भालू ने शख्स पर गंभीर रूप से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल को 108 की टीम ने प्राथमिक उपचार कर हॉस्पिटल पहुंचाया। पूरा मामला पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बर्रा चिकनी पारा का है। बताया जा रहा कि अनुसार ग्राम बर्रा चिकनी पारा निवासी शिवनारायण (45) हसदेवा गांव गया हुआ था। जहा गांव पास होने के चलते जंगल के रस्ते अपने गांव वापस लौट रहा था। इस दौरान गांव के नाले के पर स्थित बोरिंग में पानी पीने के लिए रुक गया। इसी दौरान जंगल की ओर से भालू आया और उस पर हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले से शिव नारायण को संभालने का मौका नहीं मिला। भालू के हमले से उनके सिर और दाएं हाथ पर गंभीर चोटें आई है। भालू दो से तीन बार हमला करता रहा। अचानक जब भालू ने झटका से हमला किया, तो वह गड्ढे में जाकर गिर गया। किसी तरह अपनी जान बचा कर भागा। सूचना मिलते ही 108 के पायलट श्रीपाल साहू और ईएमटी पवन दास महंत तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल शिव नारायण को उपचार करते हुए सीएचसी कटघोरा लेकर गए। यहां डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए घायल शिव नारायण को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।वहीं घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

# 7 लाख यूनिट बिजली उत्पादन करने के साथ नया रिकार्ड बनाया मड़वा प्रोजेक्ट ने

जांजगीर- चांपा = अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 84.11 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 7388.541 मिलियन यूनिट सर्वाधिक वार्षिक विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बनाया है। इससे पहले विद्युत संयंत्र ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में 73.26 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 6417.3मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बनाया था।छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में 500-500 मेगावॉट की दो आधुनिक विद्युत इकाइयां संचालित हैं।

एबीवीटीपीएस के कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा ने बताया कि विद्युत संयंत्र की इकाई क्रमांक-दो ने माह मार्च में 351.756 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर मासिक विद्युत उत्पादन के रिकार्ड को तोड़ा है। इससे पहले माह सितंबर 2018 में 337.355 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बना था। इसके अलावा विद्युत इकाई क्रमांक-एक ने 29 नवंबर 2023 को 178 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन कर लंबी अवधि तक निर्बाध संचालन का रिकार्ड भी बनाया है। विद्युत संयंत्र ने फरवरी 2024 तक डेविएशन सेटलमेंट मेकेनिज्म (डीएसएम.) से 51.627 करोड़ की बचत की है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ने विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों से मिले सहयोग के धन्यवाद देते हुए मड़वा की टीम को शुभकामनाएंदी। उन्होंने भविष्य में ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह भी किया है।



**टीमवर्क से बेहतर परिणाम**

कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा अपने अभियंता एवं कर्मचारियों के साथ टीम वर्क पर पूरा फोकस कर रहे हैं। उनके संयुक्त व सतत प्रयास का ही नतीजा है कि विद्युत संयंत्र निर्बाध गति से निरंतर विद्युत उत्पादन कर रहा है।गौरतलब है कि बीते अक्टूबर 2023 में विद्युत संयंत्र की दोनों इकाइयों ने 674.178 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर सर्वाधिक मासिक उत्पादन का रिकार्ड बनाया है। इसके पहले जुलाई 2023 में संयंत्र स्तर पर 663.094 मिलियन यूनिट का विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बना था।

इसके अलावा इकाई क्रमांक एक ने 85.107 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 3737.904 मिलियन यूनिट वार्षिक विद्युत उत्पादन का रिकार्ड बनाया है। यह पिछले रिकार्ड से 731.437 मिलियन यूनिट ज्यादा है। जबकि इकाई क्रमांक दो ने 83.12 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 3650.165 मिलियन यूनिट का रिकार्ड बनाया है। यह पिछले रिकार्ड से 179.337 मिलियन यूनिट ज्यादा है। इसके साथ ही विद्युत संयंत्र में आक्जलरी विद्युत खपत, विशिष्ट तेल खपत एवं डीएम वॉटर खपत में गुणवत्तापूर्ण सुधार करते हुए इनकी खपत में कमी दर्ज की गई है।

## 23 लाख की चपत लगी निवेशक को, ओटीपी देना महंगा पड़ा

**जांजगीर- चांपा।** आनलाइन ट्रेडिंग एकाउंट का ओटीपी पूछकर 23 लाख 11 हजार रूपए की ठगी किए जाने की शिकायत जैजैपुर थाना क्षेत्र के चोरभट्ठी निवासी उमेश कुमार चंद्रा ने बिलासपुर के सिरगिट्टी थाने में की है। हालांकि अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है।ग्राम चोरभट्ठी निवासी उमेश कुमार चंद्रा पिता स्व. शंकरलाल चंद्रा ने अपनी शिकायत में बताया है कि 16 मई को उसने तिफरा बाजार चौक बिलासपुर निवासी चंदन कुमार को ट्रेडिंग के लिए अपना एक्सनेस ब्रोकर का एकाउंट क्रमांक 103622732 को दिया था। 7 जून को उससे एकाउंट का ओटीपी पूछा और लगभग 24405 यूएसडीटी लगभग 23 लाख 11 हजार रूपए निकाल लिया। मोबाइल में एकाउंट से राशि निकालने की सूचना उसे मिली तो उसने चंदन को फोन लगाकर इस संबंध पूछना चाहा मगर उसने फोन नहीं उठाया और बाद में अपना मोबाइल स्वीच आफ कर दिया। उन्होंने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाना बिलासपुर में करते हुए मामले में दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## मुख्य मार्ग की दवा दुकान से हजारों की चोरी




**मालखरौदा।** मेडिकल स्टोर्स का शटर तोड़कर चोरों ने 40 हजार रूपये से अधिक की राशि पार कर दिए। वहीं चोरों ने दो ज्वेलर्स दुकान में भी चोरी का प्रयास किया मगर असफल रहे। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।जानकारी के अनुसार मिशन चौक में स्थित संजय मेडिकल स्टोर्स से 6 जून की रात्रि अज्ञात चोरों ने शटर को तोड़कर चोर अंदर घुसे और और दराज में रखे रकम को चोरी कर फरार हो गए। चोरों ने मेडिकल स्टोर्स में लगे सीसीटीवी कैमरे के पिक्चर को डिलीट कर दिया है। दूसरे दिन 7 जून को मेडिकल स्टोर का संचालक संजय जांगड़े दुकान पहुंचा तो देखा शटर टूटा हुआ है और दुकान के अंदर दराज में रखे 40 हजार रूपये से अधिक की राशि नहीं है। उसने इसकी सूचना मालखरौदा थाने में दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और द्वारा आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला लेकिन चोरों का चेहरा स्पष्ट नहीं दिख रहा है। इससे पहले चोरों ने मिशन चौक के ही चंद्रहासिनी ज्वेलर्स वहीं पास में ही स्थित सांई ज्वेलर्स के शटर को भी तोड़ने का प्रयास किया। लेकिन इन दोनों दुकानों के शटर को तोड़कर अंदर घुसने में चोर असफल रहे। दोनों दुकानों में किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। चोरी की वारदात से दुकानदारों में हडकंप मच गया है।

**सीसीटीवी में स्पष्ट नजर नहीं आ रहा चेहरा**

बड़े बड़े दुकान चलाने वाले व्यापारियों के द्वारा भी अच्छी क्वालिटी का सीसी कैमरा भी नहीं लगाया गया है। यदि उच्च क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरे का फुटेज रहता तो शायद चोरी करने वाले चोर पुलिस गिरफ्त में होते। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है। आसपास लगे सीसी टीवी के फुटेज खंगाल रही है। मालखरौदा थाना प्रभारी राजेश चंद्रवंशी का कहना है कि बहुत जल्द ही चोरी करने वाले चोर पुलिस गिरफ्त में होगा।

## पुलिस ने जंगल में दबिश देकर जुआड़ियों को दबोचा



**अकलतरा।** क्षेत्र के पोड़ी दल्हा के जंगल में दांव लगा रहे सात जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के पास से पुलिस ने 35 हजार 600 रूपये नकद, 6 नग मोबाइल और 6 बाइक जब्त किया है। पकड़े गए जुआरियों में ज्यादातर पड़ोसी जिला बिलासपुर के रहने वाले हैं।पुलिस को सूचना मिली कि अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ी दल्हा के जंगल में जुए का फड़ लगा हुआ है और बड़ी संख्या में जुआरी दांव लगा रहे हैं। सूचना पर एसडीओपी अनिल कुर्रे और प्रशिक्षु एसडीओपी संगम राम के नेतृत्व में साइबर सेल और अकलतरा पुलिस की टीम गठित कर दबिश दी गई।

जहां मौके पर विष्णु प्रसाद लोधी मोपका थाना सरकंडा, कृष्णा यादव खैरा थाना सीपत विजय ध्रुव खैरा थाना सीपत , अरुण कुमार कश्यप पोडीदल्हा अकलतरा, दिलीप चन्द्राकर जयरामनगर थाना मस्तुरी, अरविन्द्र यादव कापन मुड़पार चौकी नैला और अजय राठौर गतौरा थाना मस्तुरी जिला बिलासपुर को जुआ खेलते मिले। पुलिस ने जुआरियों के फड़ से 35 हजार 600 रूपये नकद, 6 नग मोबाइल कीमती 52 हजार और 6 बाइक 1 लाख 50 हजार रूपये सहित कुल 2 लाख 37 हजार 600 रूपये का सामान जब्त किया । पुलिस सभी जुआरियों को पकड़कर थाने लाई और छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 (2) के तहत कार्रवाई की गई।

अकलतरा थाना क्षेत्र के जंगल और गांवों में लंबे समय से जुए का फड़ चल रहा है। जहां जांजगीर चांपा जिला सहित पड़ोसी जिला बिलासपुर और कोरबा के जुआरी भी बड़ी संख्या में दांव लगाते पहुंचते हैं। इसी तरह थाना क्षेत्र के सांकर, सोनादुला में नदी किनारे का जुए का फड़ लगता है। मगर पुलिस इन जुआ फड़ों तक नहीं पहुंच पाती है। पुलिस के आने की सूचना जुआरियों को पहले ही मिल जाती है।

## अंधड़ का कहर, वृक्षों के गिरने से नुकसान

**अकलतरा।** आधे घंटे चले अंधड़ ने शहर में खूब तबाही मचाई। व्यापारियों के दुकानों में लगे टीन हवा में उड़ गए तो कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और बिजली के खंभे व तार टूट गए जिसके कारण कई घंटे तक बिजली बंद रही ।शुक्रवार की शाम को अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाएं चलने लगी। आधे घंटे तक चले अंधड़ ने पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। थाना रोड में पुराना नीम पेड़ बिजली के ट्रांसमिशन लाइन को तोड़ते हुए जमीन पर गिर गया। किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई मगर एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ गिर जाने के कारण थाना रोड घंटो बाधित रहा। इसी तरह महामाया मंदिर मार्ग भी जाम रहा। गुजरात मिष्ठान के सामने पीपल पेड़ की डंगाल टूट कर गिर गई। रेलवे कालोनी मार्ग में पेड़ टूट कर गिर गया। बंटी इलेक्ट्रानिक के सामने भी वर्षों पुराना नीम का पेड़ गिर गया। तथा रेलवे परिसर के बाहर पर भी पेड़ टूटकर गिर गया। मार्ग में गिरे पेड़ों को हटाने और बिजली के टूटे तार की मरम्मत में कर्मचारी लगे रहे।




**चार घंटे तक बिजली रही बंद**

तेज अंधड़ और उसके बाद हुई वर्षा के कारण शहर की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई। शहर के विभिन्न स्थानों में पेड़ के गिरने से मुख्य मार्गों सहित गली मोहल्लों के बिजली तार भी टूट कर गिर गए थे। जिसके कारण बिजली व्यवस्था बाधित हो गई थी। इस दौरान लगभग चार घंटो तक शहर की बजली गुल रही। जिसे काफी मशक्कत के बाद रात 10 बजे तक बहाल किया गया । लेकिन मुख्य मार्ग में शस्त्री चौक और आजाद चौक की बिजली ही चालू हुई । जबकि थाना रोड, हाई स्कूल के साथ अन्य क्षेत्रों की बजली व्यवस्था को देर रात तक बहाल नहीं किया जा सका था।बिजली बंद होने के बाद लोग व्यवस्था बहाल के लिए बिजली अधिकारी और कर्मचारियों से फोन के माध्यम से जानकारी लेते रहे। इसके कारण कर्मचारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर जन प्रतिनिधियों के द्वारा वाट्स एप ग्रुप के माध्यम से अपील कर जानकारी दी गई कि कर्मचारी व्यवस्था बहाल करने जुटे हुए हैं बार बार फोन करने पर उन्हें कार्य पूर्ण करने पर परेशानी हो रही है। इस दौरान ज्यादातर लोग घर के बाहर ही टहलते रहे।

## विकृत स्थिति में युवक का शव मिला परीक्षण से वास्तविकता होगी साफ

**सक्ती।** सक्ती जिले के पोरथा गांव के भालू डेरा के खेत में एक युवक का 5 दिन पुराना सड़ा-गला शव मिला है। लू लगने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। युवक की पहचान बिहारी लाल साहू (45) डेरागढ़ निवासी के रूप में हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह साफ हो पाएगी। घटना सक्ती थाना क्षेत्र की है। एएसआई संजय शर्मा ने बताया कि, परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि बिहारी लाल अपनी पत्नी और गांव के अन्य लोगों के साथ नहर में चल रहे मरम्मत कार्य करने के लिए 31 मई को गया था। उस समय नौतपा चल रहा था। तेज गर्मी के कारण बिहारी लाल ने कहा था कि, उसकी तबीयत ठीक नहीं लग रही है।



**भांजी के घर जाने निकला था**

उसने अपनी भांजी के घर आराम करने के लिए जाने की बात कही और वहां से निकल गया। जिसके बाद उसकी पत्नी अपने गांव के अन्य साथियों के साथ काम कर अपने गांव आ गई। जब बिहारी लाल घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी भांजी के घर संपर्क कर पूछताछ की। भांजी ने उनके नहीं आने की बात कही। जिसके बाद परिजनों ने बाराद्वार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

**ग्रामीण ने देखा था शव**

5 जून की दोपहर पोरथा गांव निवासी ग्रामीण श्याम राठौर किसी काम से खेत की ओर गया था। तेज बदबू पर उसने आस पास जाकर देखा, तो एक शव पड़ा था। शव 4 से 5 दिन पुरानी थी। जिसकी सूचना उसने सक्ती थाने में दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम करवाया। फिलहाल मौत की वजह साफ नहीं हो पाई है।

## सावधान रहें, अब फोन बंद होने की धमकी देकर ठगों ने नए कारनामें की तैयारी की

**जांजगीर।** हैकर्स तरह-तरह के उपाय कर लोगों को लूटने व उनके बैंक खाली करने का प्रयास कर रहे हैं। ताजा मामले में अब ट्राई के नाम पर लोगों को धमकी दी जा रही है। इसमें ट्राई के नाम से लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है या कालकर फिशिंग लिंक पर क्लिक करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस बात को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) भी मान रहा है, इसलिए उसने मैसेज भेजकर लोगों को अलर्ट करना शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को शहरवासियों को ट्राई के माध्यम से ऐसे ही मैसेज मिले? जिसमें कहा गया कि दूर संचार विभाग की ओर से आपके मोबाइल को डिस्कनेक्ट करने की धमकी देने वाले किसी भी कॉल को डिस्कनेक्ट करें और उसकी सूचना समाचार साथी डॉट गाव डॉट इन पर दें।

**वाट्सअप, एमएमएस और वायस कॉल का ले रहे सहारा**

बदमाश लोगों से धोखाधड़ी करने के लिए वाट्सअप संदेश, एसएमएस और वॉयस कॉल भेज रहे हैं, जिसमें दावा किया जा रहा है कि वे ट्राई से हैं। वे जाली नोटिस का उपयोग कर रहे हैं, जो ट्राई के वरिष्ठ अधिकारियों की और से भेजे गए आधिकारिक संचार जैसा दिखता है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि लोग उस पर विश्वास कर बताए एप को डाउनलोड कर लें या फिर लिंक को क्लिक कर लें। नोटिस प्राप्तकर्ता को हैकर्स मोबाइल नंबर से जुड़ी अवैध गतिविधि का झूठा आरोप लगाते हैं।

**किसी प्रकार की लिंक को टच ना करें चाहे ट्राई हो या बैंक**

किसी भी माध्यम से लिंक को टच करने से बचे। संबंधित कार्यालय या बैंक शाखा में जाकर अपना डाटा अपडेट करें। लिंक को टच करने से हैकर्स को आपके मोबाइल को एक्सेस करने का अधिकार मिल जाता है। या ऐसा एप डाउनलोड हो जाता है, जिससे वे आपके पर्सनल डाटा या बैंक एकाउंट को हैक कर सकते हैं। -पारस पटेल, साइबर सेल प्रभारी

**ट्राई मैसेज भेज कर रहा सावधान**

ट्राई ने लोगों को सावधान करने के लिए मैसेज भेजने शुरू कर दिए हैं। मैसेज में लोगों को बताया जा रहा है कि ट्राइ मोबाइल नंबर डिस्कनेक्ट करने के बारे में संदेशों या आधिकारिक नोटिस के माध्यम से कोई बात शुरू नहीं करता है। ट्राई किसी भी तीसरे पक्ष की एजेंसी को ऐसे उद्देश्यों के लिए ग्राहकों से संपर्क करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। इसलिए ट्राई से होने का दावा करने वाले और मोबाइल नंबर डिस्कनेक्ट करने की धमकी देने वाले किसी भी प्रकार के संचार (कॉल, संदेश या नोटिस) को संभावित धोखाधड़ी का प्रयास समझें।

## गिरौधपुरी घटना पर समाज ने की सीबीआई जांच की मांग

**बलौदा।** गिरौदपुरी धाम के महाकोनी की अमरगुफा में स्थापित जैतखांभ को काटकर क्षतिग्रस्त करने के आरोपी को पकड़ने व पुलिस की जांच से सतनामी समाज संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को तहसील बलौदा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अकलतरा व बलौदा जिला जांजगीर-चांपा को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बलौदा ब्लाक व अकलतरा के युवा व वरिष्ठ समाज प्रमुख उपस्थित रहे। इसमें आर्यन कुमार ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज बलौदा यूथ,दिनेश मिरी ब्लॉक अध्यक्ष सतनामी समाज एवं सरपंच ढोरला, सुरेंद्र कुर्रे सरपंच प्रतिनिधि कोरबी, पंच राम रात्रे सरपंच करमंदा, गोवर्धन कुर्रे पार्षद बलौदा, श्रवण पाटले पूर्व सरपंच सोरमाल, उत्तम कुमार मिरी, शोभाराम कुर्रे, किला राम बनर्जी, कमल आदिले, दयाराम आदिले, कुंज बिहारी पाटले, चंद्र नारायण भार्गव, दिलीप रात्रे, व्यास ओगरे, अजय पाटले,), सुरेंद्र लहरे कुंवर ओगरे, मुकेश भारद्वाज, मुकेश कुमार, रफीक रात्रे, शैलेंद्र कुमार रात्रे, अमित कुमार कुर्रे, जयप्रकाश, अमित कुमार लहरे, शिवचरण, उपस्थित थे।

## व्यापमं की पीएटी और पीवीपीटी परीक्षा 9 को

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा पीएटी, पीवीपीटी की परीक्षा 09 जून की सुबह 9 से 12.15 बजे तक आयोजित की जानी है। सक्ती में पीएटी, पीवीपीटी परीक्षा के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला सक्ती अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक सक्ती, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सक्ती, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल स्टेशनपारा सक्ती, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल कसेरपारा सक्ती कुल 4 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

## पर्यावरण का महत्व बताने संस्कार स्कूल में कार्यक्रम

**सक्ती।** सक्ती संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कार पब्लिक स्कूल शुरू से ही अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट व ख्यातिप्राप्त विद्यालय रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के शैक्षणिक निर्देशिका प्रतिमा स्वर्णकार व प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान के साथ स्कूल के समस्त शिक्षक व अन्य स्टाफ उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य और स्कूल निर्देशिका के नेतृत्व और दिशा-निर्देश में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शाला परिसर में पौधरोपण किया गया, जिसके तहत अशोक,आम के पौधे, नीम और छायादार पीपल के पौधों को लगाए गए।

इस अवसर पर स्कूल निर्देशिका प्रतिमा स्वर्णकार ने शिक्षकों से कहा कि पर्यावरण, मानव जीवन की सुरक्षा और उनके अस्तित्व के लिए आवश्यक है और पर्यावरण के संरक्षण और बेहतर ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण को बढ़ावा देना चाहिए। इसके बाद प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान ने कहा कि हमें पर्यावरण के समुचित रखरखाव के लिए हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ वातावरण में ही सभी जीव-जंतु व मानव समुदाय अपना अधिकतम विकास कर सकता है।



शिक्षा के साथ संस्कार को जोड़कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य रहा है। स्वस्थ पर्यावरण और स्वस्थ समाज के स्लोगन के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प को दोहराया गया। अंत में स्कूल प्रबंधन ने शिक्षकों के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संस्कार पब्लिक स्कूल परिसर में पौधरोपण करते हुए।

## प्राचीनकाल की मूर्तियां मिलने से लखुरी के ऐतिहासिक महत्व को लेकर अटकलें तेज

**जांजगीर-चांपा।** जिले के बम्हनीडीह ब्लाक के गौरव ग्राम लखुर्री के ऐतिहासिक तालाब में प्राचीन मूर्तियों का भंडार मिल रहा है। यह मूर्तियां बारहवीं शताब्दी की बताई जा रही है, जब यहां के तत्कालीन राजा के द्वारा के द्वारा तालाब का निर्माण किया गया था।

वर्तमान में इस तालाब का गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों को बड़ी तादाद में मूर्तियों के अलावा ऐसे धातुओं का भंडार मिल रहा है, जो अष्टधातु की हैं। विडंबना यह है कि इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी गई है। इसके बावजूद जिला प्रशासन अब तक इस दिशा में कारगर कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीण फिलहाल मूर्तियों को संग्रहित कर पास के मंदिर में इकट्ठा कर रख रहे हैं।

बता दें कि ग्राम लखुर्री में ऐतिहासिक पचरिहा तालाब है। यहां बीते दो दशक से ग्रामीण इस तालाब में जब निस्तारी के लिए जाते हैं तो अक्सर गहरे पानी में प्राचीन काल की मूर्तियों से टकरा जाते हैं। ग्रामीणों को आए दिन प्राचीन काल के अष्टधातु के सिक्के भी मिलते रहते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यह मूर्तियां अष्टधातु की हैं। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है क्योंकि पुरातत्व विभाग जानकारी मिलने के बाद भी अब तक नहीं पहुंच सका है।

ग्रामीणों एवं मां महाकालेश्वरी मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष देव कर्ष के मुताबिक यहां जिसे भी प्राचीन मूर्तियां मिली और अगर वह उस मूर्ति को चोरी की नीयत से छिपाने की कोशिश करता है तो वह बीमार हो जाता है। ऐसे में ग्रामीण दहशत में मूर्तियों को अपने पास नहीं रखते। इसका ग्रामीणों ने प्रमाण भी दिया, जिसने पहले चोरी की नीयत से मूर्तियां पास रखी वह गंभीर बीमारी से जूझ रहा है।

ग्रामीण रामप्रकाश केशरवानी सहित ग्रामीणों का अनुमान है कि आज भी तालाब के एक किनारे में मूर्तियों का खजाना है। ग्रामीणों को आशंका है कि उस किनारे में अष्टधातु की मूर्तियों की झंकार सुनाई देती है। इसके चलते उस किनारे में गहरीकरण पर रोक लगा दी गई है।

तालाब में इन दिनों गहरीकरण का काम किया जा रहा है। जेसीबी से मिट्टी निकाली जा रही है। मूर्तियों की कोई चोरी न करे इसके लिए मंदिर समिति के लोग पाली बंधाकर दिन रात पहरेदारी करते हैं। इस दौरान मूर्ति या अष्टधातु के गहने मिलते हैं तो वे उसे सहेजकर रखते हैं।

जिले में पुरातत्व विभाग के किसी अफसरों की पोस्टिंग नहीं है। इसके चलते यहां कोई पहुंच नहीं पा रहा है। हम रायपुर की टीम को इसकी सूचना देंगे ताकि प्राचीन मूर्तियां किसी तरह संग्रहित की जा सकें।



## पौधे लगाने के साथ उनके बचाव के तरीकों के बारे में लोगों को जानकारी दी

**चांपा।** मार्निंग वाक योग समिति विवेकानंद उद्यान में पौधे रोपण करने के साथ ही उसकी देखभाल भी कर रही है। इसी कड़ी में गार्डन में सुबह योग समिति ने पौधरोपण किया, जिसमें करांच व नीम के पौधे लगाए गए। साथ ही पुराने जो पौधे लगाए गए थे, उसे भी संरक्षित किया गया।

उनका यह अभियान पूरे बारिश के मौसम में जारी रहेगा। इस अवसर पर योग समिति के संरक्षक व चेंबर आफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष राम खूबवानी ने कहा कि हर साल पांच जून को दुनिया भर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक और सचेत करना है। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधे,जंगल, नंदिया, झील, भूमि, पहाड़ सबके महत्व को समझें। इस अवसर पर हरी देवांगन, तोता राम देवांगन, केदार मिश्रा, अंकित मोदी, संतोष देवांगन, दिलीप देवांगन, महेंद्र देवांगन, आरके जांगड़ा, अशोक देवांगन, कृष्ण देवांगन किशोर देवांगन, रोहित देवांगन, पुरुषोत्तम सोनी, राजू देवांगन, संतोष देवांगन, राजेश देवांगन, कुटुं देवांगन, आरके साहू सहित बड़ी संख्या में योग समिति के लोग उपस्थित थे।



## अनमोल वचन......

**जिंदगी में जिसने समय को मान लिया उसने अपने आप को जान लिया!**

# बदलते मौसम से सबक लेंगे

*वर्ष 2029 में होने वाला अगला लोक सभा चुनाव अप्रैल के अंत तक खत्म हो जाएगा क्योंकि देश भर के कई राज्यों में तीव्र गर्मी के कारण मतदान में गिरावट आई है। यह कहना है मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का। इस बार आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक हुए। इस दौरान उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप बना रहा। उप्र और बिहार समेत अन्य राज्यों में चुनाव डयूटी में तैनात कई मतदानकर्मियों की गर्मी के चलते मौत तक हो गई। ढेरों गश खाकर गिर गए, उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाना पड़ा।*

*निर्वाचन आयोग ने स्वीकारा कि बदलते मौसम से हम सबक लेंगे। खुश होने की बात यह है कि इस बार चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत कुल 64.2 करोड़ देशवासियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर विश्व रिकॉर्ड कायम किया। दुनिया की सबसे बड़ी चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में 68 हजार से अधिक निगरानी दल तथा डेढ़ करोड़ मतदान और सुरक्षाकर्मी तैनात थे।*

*मुख्य चुनाव आयुक्त का कहना है कि 2024 के आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की 495 शिकायतें आई जिनमें से 90त्न से अधिक का निपटारा किया गया। हालांकि विपक्ष ने लगातार आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाया। भीषण गर्मी में चुनाव कराने की आलोचनाओं के बाद अगले चुनाव अप्रैल में ही संपन्न कराए जाएंगे, कहने से आयोग की गलती छोटी नहीं हो जाती। अव्वल तो उस वक्त इस कुर्सी पर जो आयुक्त होगा, इस बारे में बेहतर ढंग से निर्णय लेने का इख्तियार उसका होगा।*

*दूसरे, 42 दिनों लंबे सात चरणों की इस चुनाव अनुसूची को तय करते वक्त गर्मी बढ़ने के विषय में विचार किया जाना बेहद जरूरी था। कहना न होगा कि मौसम की यह मार अचानक नहीं हुई। देश के कुछ इलाकों में मई-जून के दरम्यान पड़ने वाली भीषण गर्मी से हम सब अच्छे से वाकिफ हैं। सवाल यह है कि चुनाव डयूटी पर मारे गए कर्मचारियों के परिवारों/आश्रितों के विषय में आयोग मौन क्यों रहा। उसे अपनी गलती सुधारने, उन्हें श्रृद्धांजलि देने के साथ आर्थिक मदद के लिए हाथ बढ़ाने के लिए आगे आने का प्रयास करते नजर आना चाहिए। सरकार से गुजारिश करनी चाहिए कि वह उनका बीमा करे, उन्हें चिकित्सा सुविधाएं दे और उनके योगदान की सार्वजनिक तौर पर सराहना की जाए।*

## राशिफल

**मेष राशि-**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज वित्तीय योजनाओं से जुड़े कामों पर ध्यान देंगे। आज आपको किसी काम में विशेष फायदा होने वाला है। आज घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम की योजना बन सकती है। छात्रों को अपने किसी प्रतियोगिता संबंधी समस्या का समाधान मिलने से रिलैक्स फील होगा।

**वृष राशि-**आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज किसी विशेष काम के प्रति आपकी बहुत अधिक मेहनत होगी और उसके सकारात्मक परिणाम भी मिलेंगे। अगर प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई काम रुका है तो उससे संबंधित फैसले लेने का उचित समय है। धार्मिक यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है।

**मिथुन राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से किसी कार्य को लेकर चल रही योजनाएं कामयाब होगी। आपकी लगन और मेहनत आपको उचित परिणाम हासिल करवाएगी। आपका सहयोग परिवारजनों का हिम्मत और हौसला बढ़ाएगा। मोबाइल व ई-मेल द्वारा शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

**कर्क राशि-**आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में जरुरत पड़ने पर भाइयों या नजदीकी मित्रों का सहयोग मिलेगा। उनकी सलाह से परेशानियों से निजात मिलेगी। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति से उलझने से बचना चाहिए। आज ऑफिस के माहौल में राजनीति जैसी स्थिति रहेगी।

**सिंह राशि-**आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दिन भर कुछ ना कुछ नया करने के बारे सोचेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या के समय परिवार का सहयोग आपके लिए मददगार साबित होगा। पति-पत्नी के बीच आपसी सामंजस्य से घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**कन्या राशि-**आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। आज आप आत्मविश्वास और ऊर्जा द्वारा अपने अन्य कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे। आज कहीं फंसा हुआ पैसा वापस मिल सकता है जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**तुला राशि-**आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज अचानक ही किसी खास मित्र के साथ मेल मुलाकात होगी, और किसी विशेष मुद्दे पर लाभदायक विचार-विमर्श होंगे।

**वृश्चिक राशि-**आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज दिन की शुरुआत में कोई खुशखबरी मिलने से पूरा दिन खुशनुमा बीतेगा। प्रभावशाली और अनुभवी व्यक्ति के सानिध्य में समय बिताने का मौका मिलेगा। आपके व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। विशेष काम में चल रही समस्याएं आज दूर होंगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करने से बचें,

**धनु राशि-**आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज घर में बदलाव या सुधार संबंधी योजना बन रही है तो उस पर काम करने के लिए अच्छा समय है। कोशिश करने पर कोई मनचाहा काम पूरा हो सकता है। कोई उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने की पूरी संभावना है। अध्ययनरत युवाओं को पढ़ाई में उचित सफलता मिलेगी।

**मकर राशि-**आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवरटाइम भी करना पड़ेगा। विवाहित जीवन मधुरता से परिपूर्ण रहेगा। घर के बड़े बुजुर्गों के अनुशासन व देख रेख से घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। लवमेट आज एक दूसरे को उपहार देंगे।

**कुंभ राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको कोशिश और मेहनत से अच्छे नतीजे मिलने के योग हैं। आज किसी प्रशासनिक कार्य में किसी राजनीतिक व्यक्ति की मदद भी मिल सकती हैं। व्यवसाय में आज आप कुछ नया करने का मन बनायेंगे। आपने नए काम संबंधी योजनाएं बनाई है तो उस पर काम करने के लिए समय अच्छा है।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज व्यस्तता के बावजूद सभी कार्य सहज रूप से पूरे हो जाएंगे। घर में आए मेहमानों के उचित आवभगत भी करेंगे। आध्यात्मिक गतिविधियों में भी आपकी रूचि बढ़ेगी। परिवार के साथ शॉपिंग करने जाएंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। किसी प्रकार के निवेश से पहले उस विषय के जानकर किसी अनुभवी की सलाह आपके लिये कारगर सबित होगी।

# स्वास्थ्य एक बड़ा सवाल

//नवल किशोर कुमार//

**आज के दौर में स्वास्थ्य एक बड़ा सवाल है और इसके लिए आंकड़ों की कोई कमी नहीं है। फिर चाहे वह कैंसर रोगियों की संख्या का मामला हो या फिर हृदय संबंधी रोग से ग्रस्त लोगों की संख्या का।यह संख्या कितनी अधिक हो सकती है, उसका अनुमान सिर्फ  इसी मात्र से लगाया जा सकता है कि दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में रोजाना 10 से 15 हजार नए मरीज इमरजेंसी से लेकर जनरल ओपीडी में आते हैं।**

यह हाल बेशक देश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल का है, लेकिन इसके आधार पर पूरे देश के स्तर पर यदि हम संख्या का अनुमान लगाएं तो हम इस नतीजे पर पहुंच सकते हैं कि आज स्वास्थ्य के मामले में हम कहां खड़े हैं। हालांकि देश में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार के स्तर पर आधारभूत संरचना मौजूद है। मसलन, सेंट्रल ब्यूरो ऑफ हेल्थ इंटेलिजेंस (सीबीएचआई) द्वारा 2019 में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में कुल 23,581 सरकारी अस्पताल और 22 सेंट्रल गवर्नमेंट के अस्पताल हैं, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि आज के दौर में यह संख्या ऊंट के मुंह में जीरे के समान है और बड़ी संख्या में लोगों को निजी अस्पतालों की शरण में जाना पड़ता है।

इसके अलावा इलाज के खर्चे में हुई गुणात्मक बढ़ोतरी के कारण निम्न आय वर्गीय लोगों को गुणवत्तायुक्त इलाज से वंचित कर दिया है। वहीं मध्यम आय वर्गीय परिवारों के लिए भी यह कम मुश्किलों वाला नहीं रह गया है। ऐसे में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमा कंपनियों से उसे राहत जरूर मिलती है। मसलन, इलाज का खर्चा बीमा कंपनियां उठाती हैं और इसके बदले इस सुविधा के उपभोगकर्ता को बीमा योजना के तहत एक तय राशि प्रीमियम के रूप में चुकानी होती है, लेकिन बीमा कंपनियों से बीमा का दावा करना अमूमन आसान नहीं होता। दस्तावेज संबंधी कागजातों के निष्पादन के नाम पर अनावश्यक देरी बहुत साधारण सी बात है।

लिहाजा होता यह है कि बीमा कराने के बाद भी मरीज को अपने इलाज के लिए प्रारंभ में अपने पैसे से इलाज कराना होता है। इसके कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना तो करना ही पड़ता है, सबसे अधिक संकट समय पर इलाज नहीं शुरू होने के कारण होता है। खैर, मध्यम आय वर्गीय लोगों के लिए यह राहत भरी खबर है कि भारतीय बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (इरडाई) ने बीमा कंपनियों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। हालांकि उसने यह कदम तब उठाए हैं जब 'लोकल सर्किल्स' के एक सर्वे का परिणाम सामने आया है, जिसमें 43 प्रतिशत बीमाधारकों ने यह कहा है कि बीमा कंपनियां संकट के समय साथ तो नहीं ही देती हैं, संकट के बाद भी बीमा की राशि देने में आनाकानी करती हैं। इरडाई ने कहा है कि आपात मामलों में बीमा कंपनी को आवेदन प्राप्त होने के एक घंटे के अंदर कैशलेस प्राधिकरण के अनुरोध पर निर्णय लेना चाहिए। बीमाकर्ता कंपनियां इसके लिए आगामी 31 जुलाई तक तैयारी कर लें। इसके अलावा वे चाहें तो कैशलेस ऑथराइजेशन को सुगम बनाने के लिए अस्पताल में डेस्क बना सकती हैं। ठीक वैसे ही जैसे एयरपोर्ट पर विभिन्न विमानन कंपनियां अपना डेस्क उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बनाती हैं। इरडाई ने यह भी कहा है कि वे डिजिटल माध्यम से ऑथराइजेशन देने की प्रक्रिया शुरू करें। इसके अलावा उसने बीमा कंपनियों को यह भी कहा है कि अब कोई भी दावा वे प्रोडक्ट मैनेजमेंट कमिटी की मंजूरी के बिना खारिज नहीं की जा सकेगी। यदि कोई दावा आंशिक रूप से या पूरी तरह से खारिज किया जाता है तो पॉलिसी के दस्तावेज के नियमों और शतरे सहित पूरा विवरण उपभोक्ता को उपलब्ध कराना होगा। इन सबके अलावा इरडाई ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि इलाज के दौरान मरीज की मौत होने पर बीमा कंपनियों को एक घंटे के अंदर बीमे की राशि का भुगतान करना होगा और यह भी कि संबंधित अस्पतालों से दस्तावेज संग्रह करने का काम बीमा कंपनियां स्वयं करेंगीं, मृतक के परिजन नहीं। जाहिर तौर पर ये कुछ ऐसे पहल हैं, जिनसे मध्यम आय वर्गीय परिवारों को राहत मिल सकती है और वे उम्मीद कर सकते हैं कि अपनी गाढ़ी कमाई का एक हिस्सा जो वे बीमा कंपनियों को दे रहे हैं, वह जाया नहीं होगा। समय पड़ने पर वह काम आएगा, लेकिन इसमें बड़ी अड़चन यह है कि इरडाई स्वयं इस मामले में लचर रहा है।

ऐसे मामले बहुत कम ही आए हैं, जिनमें बीमाधारकों की शिकायत पर इरडाई ने आगे बढ़कर बीमाकर्ता कंपनियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की हो। आज स्वास्थ्य संबंधी बीमा के क्षेत्र में भारतीय जीवन बीमा निगम जैसी देशी कंपनियां तो हैं ही, विदेशी कंपनियां भी हैं। अब यह पूरी तरह से बाजार का रूप ले चुका है।

आंकड़ों के रूप में कहें तो आज का भारत वैश्विक स्तर पर 10वां सबसे बड़ा बाजार है और सभी उभरते बाजारों में दूसरा सबसे बड़ा है, जिसका अनुमानित बाजार हिस्सा 1.9 प्रतिशत है। उम्मीद है कि भारत आने वाले दशक में सबसे तेजी से बढ़ते बीमा बाजारों में से एक के रूप में उभरने के लिए तैयार है। वर्तमान में देश में 67 बीमाकर्ता कंपनियां हैं, जिनमें से 24 जीवन बीमाकर्ता, 26 सामान्य बीमाकर्ता हैं, 5 एकल स्वास्थ्य बीमाकर्ता कंपनियां और 12 पुनर्बीमाकर्ता हैं। हम चाहें तो इस निष्कर्ष पर भी पहुंच सकते हैं कि भारत में बीमा उद्योग ने पिछले दो दशकों में प्रभावशाली वृद्धि दर देखी है, जो निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी और वितरण क्षमताओं में सुधार के साथ-साथ परिचालन दक्षता में पर्याप्त सुधार के कारण संभव हो पाई है, लेकिन मूल समस्या उन लोगों की है जो अब भी बीमाधारक नहीं हैं। ये वे लोग हैं जो दिहाड़ी मजदूर हैं, खेतिहर मजदूर हैं। या फिर हम चाहें तो इनमें असंगठित क्षेत्रों के मजदूरों को शामिल कर सकते हैं। इन लोगों की संख्या बहुत बड़ी है और इनके वास्ते सरकारी अस्पताल हैं, जिनकी गुणवत्ता पर हमेशा प्रश्नचिह्न लगा रहता है। देश और राज्यों की राजधानियों के मुख्य अस्पतालों को छोड़ दें तो जिला स्तर पर जो सरकारी अस्पताल मौजूद हैं, वे रेफरल अस्पताल बनकर रह गए है। जाहिर तौर पर यह काम इरडाई का नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकारों का है, जिन्हें जन-स्वास्थ्य को अपनी प्राथमिकता सूची में ऊपर रखना होगा और स्वास्थ्य क्षेत्र पर बाजार को पूर्ण रूप से हावी होने से रोकना होगा। वजह यह कि यह देश जितना उच्च आर्य वर्ग और मध्यम आय वर्ग के लोगों का है, उतना ही निम्न आय वर्ग के लोगों का भी।

# लोक का तंत्र अभी जीवित है

//रजनीश कपूर//

**जहां नई लोकसभा के गठन का सवाल है तो इसको ले कर, पक्ष- विपक्ष के मायने में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि 'न तुम जीते न वो हारे'।'इंडिया' गठबंधन पर जिस तरह देश के मतदाताओं ने भरोसा जताया है उससे यही सिद्ध हुआ है कि देश में 'लोक' का 'तंत्र' अभी जीवित है। अब सरकार भले एनडीए गठबंधन की बने लेकिन देश की संसद में विपक्ष को अच्छी संख्या में स्थान मिलेगा। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी को चौंकाया है। सत्तापक्ष के बड़े-बड़े दावे और उसी से मिलते-जुलते एग्जिट पोल के बाद किसी को ऐसे नतीजोंकी उम्मीद नहीं थी। हालाँकि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के अलावा एक दो ज्योतिषियों ने टीवी चैनलों पर एग्जिट पोल को सिरे से नकार दिया था। पर 'इंडिया' गठबंधन पर जिस तरह देश के मतदाताओं ने भरोसा जताया है उससे यही सिद्ध हुआ है कि देश में 'लोक' का 'तंत्र' अभी जीवित है।**

अब सरकार भले एनडीए गठबंधन की बने लेकिन देश की संसद में विपक्ष को अच्छी संख्या में स्थान मिलेगा। जो भी सरकार बनाएगा अब उसे विपक्ष के दबाव में रह कर कार्य करने पड़ेंगे। एक स्वस्थ लोकतंत्र में मज़बूत विपक्ष का होना जरूरी है। इसलिए 2024 का चुनाव सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के लिए ही अच्छा साबित हुआ।

चुनावों के दौरान जिस तरह 'इंडिया' गठबंधन ने चुनाव आयोग की मशीनरी पर कई सवाल उठाएथे उससे आम जनता के मन में भ्रम पैदा होना शुरू हो गया था। लेकिन लोकसभा नतीजों ने एक बार फिर से यह विश्वास जगाया है कि चुनावों में मतदाता ही सर्वोपरि होते हैं। इस बार के चुनावों में किसी भी दल या नेता की, किसी भी तरह की, कोई लहर नहीं थी। ये चुनाव जनता का चुनाव था। देश भर में फैल रही महंगाई, बेरोज़गारी व अन्य परेशानियों से मतदाता त्रस्त थे। इसलिए उसे जो जंचा उसी को उसने वोट दिया। आख़िरी चरण के मतदान के बाद से जो भी एग्जिट पोल आए वो भी एनडीए की ही सरकार बना रहे थे। परंतु एग्जिट पोल केवल पोल-पट्टी साबित हुए।

चुनाव परिणाम के बाद एग्जिट पोल करने वाली एक संस्था के अध्यक्ष जिस तरह एक राष्ट्रीय टीवी चैनल पर फूट-फूट कर रोने लगे उससे तो लगा कि उन्हें अपनी करनी पर पछतावा है। पर कई बार जो सामने दिखाई देता है वो असल में सच नहीं होता। उसके पीछे का सच कुछ और होता है। इन सज्जन के विषय में आज ऐसी शंका देश भर में जताई जा रही है। इसका एक कारण यह है कि बिना सर्वेक्षण तकनीकी की बारीकी बताए, बिना सैंपल साइज बताए, बिना प्रश्नावली के प्रश्न बताए, केवल अपना आँकलन प्रचारित कर देना अनैतिक होता है।

सोचने वाली बात है कि जो भी संस्था एग्जिट पोल करती है उसे यह बताने में क्यों गुरेज़ होना चाहिए कि उसने एग्जिट पोल करने की मानक प्रक्रिया को अपनाया या नहीं। ऐसा तो नहीं है कि ये एग्जिट पोल निहित स्वार्थों के किसी एजेंडा के तहत किए गए। क्या ऐसे सर्वे कराने में किसी मीडिया संस्थान की भी संदिग्ध भूमिका रही। मिसाल के तौर पर जिस तरह 2024 के लोकसभा चुनावों के एग्जिट पोल दिखाए गए थे और उसकी प्रतिक्रिया में देश के शेयर मार्केट में एकदम से भारी उछाल आया,लोगों ने विश्वास करके बाज़ार में निवेश कर डाला. वह उनके साथ ठगी थी। नतीजों के रुझान आने पर शेयर मार्केट बुरी तरह लुढ़का और आम निवेशकों के करोड़ों रुपये स्वाहा हो गये। इससे लगता है कि एकतरफ़ा नतीजे को प्रचारित करके किसी विशेष उद्देश्य से ही एग्जिट पोल को इतना प्रचारित किया गया। नतीजतन अब जब कोई भी संस्था ईमानदारी से भी एग्जिट पोल या सर्वे करेगी तो उस पर भी संदेह किया जाएगा। शायद गुमराह करने वाले एग्जिट पोल और उसी का प्रचार करने वाले पक्षपाती मीडिया संस्थानों को इस बात का अंदाज़ा नहीं था कि नतीजे उनके सर्वेक्षण के विपरीत भी आ सकते हैं। यदि उन्हें ये मालूम था और इस सबके बावजूद एग्जिट पोल वाली संस्था ने ऐसा एग्जिट पोल राष्ट्रीय टीवी चैनलों पर परोसा तो वह संस्था व चैनल देश की जनता साथ धोखाधड़ी करने के दोषी हैं। जिसकी जाँच की जानी चाहिए।दरअसल जब तक सर्वे करने वाली संस्थाएँ अपनी वेबसाइट व अन्य प्रचार सामग्री पर इस बात को पूरी तरह से प्रकाशित न करें कि उस संस्था का किसी भी राजनैतिक दल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई संबंध नहीं है या अपनी तकनीकी का खुलासा न करें, तब तक उस संस्था द्वारा किए गये एग्जिट पोल को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। परंतु हमारे देश में जिस तरह से एग्जिट पोल की भेड़-चाल होती है, वह महज धोखा और टाइमपास है। बहरहाल2024 का चुनाव भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में अपनी जगह बना चुका है। एक ओर जहां एनडीए का 'अबकी बार 400 पार' का नारा विफल हुआ है, वहीं विपक्षी एकता का 'इंडिया' गठबंधन भी कई बार बिगड़ते-बिगड़ते मज़बूती से उभर कर आया। विपक्षी दल हों या सत्तापक्षी दल, सभी ने जनता के सामने बड़े-बड़े वादे किए हैं और उनको पूरा करने का प्रण भी किया है। तो उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले वक्त में वे अपने वायदों को पूरा करेंगे, उन्हें 'जुमला' कह कर अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ेंगे। जहां तक नई लोकसभा के गठन का सवाल है तो इसको ले कर, पक्ष- विपक्ष के मायने में यह कहना ग़लत नहीं होगा कि 'न तुम जीते न वो हारे'।

# मोदी के बाद योगी ने खूब बहाया पसीना

आम चुनाव के नतीजों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। अगर नतीजे एक्जिट पोल जैसे ही रहते हैं तो मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है। यूं तो हर जीत का सेहरा सेनापति के ही सेहरे पर बंधता है। नरेंद्र मोदी बीजेपी के हरावल दस्ते के अगुआ हैं, इसलिए निःसंदेह मौजूदा जीत उनकी ही होगी। लेकिन इस जीत के बीजेपी की ओर से कई और नायक भी हैं। मोदी और अमित शाह की जोड़ी को भारतीय राजनीति की सबसे सफल जोड़ी की प्रतिष्ठा हासिल हो चुकी है। जाहिर है कि इस जीत के नायक अमित शाह भी हैं। लेकिन बीजेपी के तीसरी बार सत्तारोहण में एक और शख्स की मेहनत भी शामिल है। ये शख्स हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।  अठारहवीं लोकसभा के चुनाव को लेकर बीजेपी ने जबरदस्त मेहनत की। उसने बेहतर रणनीति बनाई। चुनावी मैदान पर वोटरों को लुभाने के लिए सबसे ज्यादा मेहनत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। 73 साल की उम्र में उन्होंने कितना पसीना बहाया, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अकेले 206 चुनावी रैलियां की या रोड शो किए। पूर्वोत्तर भारत के कुछ-एक इलाकों को छोड़ दें तो तकरीबन समूचे देश में उन्होंने रैली और रोड शो नहीं किया है। भारत में अगर 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोटिंग किया है, उन्हें मतदान केंद्रों तक बुलाने में राजनीतिक दलों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका प्रधानमंत्री मोदी की रही है। दिलचस्प यह है कि बीजेपी की ओर से लोगों को लुभाने के लिए जिन नेताओं ने मेहनत की है, उनमें दूसरे नंबर पर अगर कोई है तो वे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। उन्होंने देशभर में करीब 197 रोड शो और रैलियां की हैं। बीजेपी के चुनाव प्रचार में योगी आदित्यनाथ की मांग उत्तर प्रदेश में रहनी थी। वैसे उत्तर प्रदेश में पार्टी को जिताना उनकी जिम्मेदारी भी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश के बाहर भी उनकी खूब मांग रही। योगी जी ने उत्तर प्रदेश से बाहर बारह राज्यों उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, जम्मू, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, चंडीगढ़, हरियाणा और  दिल्ली जैसे बारह राज्यों में उन्होंने प्रचार किया।

योगी को लेकर देश का कथित प्रबुद्ध वर्ग विरोधी भाव रखता है। लेकिन चुनाव अभियान में प्रबुद्ध लोगों को लुभाने के लिए उन्होंने प्रबुद्ध लोगों की पंद्रह सभाओं को भी संबोधित किया। मौजूदा चुनाव अभियान जैसे शुरू हुआ था, एक अफवाह फैलाई गई कि उत्तर प्रदेश में अगर बीजेपी जीती तो योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा।

चुनाव अभियान के दौरान बीजेपी के प्रति क्षत्रिय समुदाय के गुस्से की भी अफवाहें फैलीं। बीजेपी ने शुरू में तो इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन बाद में जब पार्टी को लगा कि इस अफवाह का नुकसान हो सकता है तो पार्टी को सामने आना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी को कई सभाओं में योगी की तारीफ करनी पड़ी। अलीगढ़ की सभा में 23 अप्रैल को मोदी ने जो कहा, उससे पार्टी में योगी की महत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है। तब मोदी ने कहा, जो लोग योगी जी की पहचान सिर्फ बुलडोजर से करते रहते हैं मैं उनकी जरा आंखें खोलना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में आजादी के बाद जितना औद्योगिक विकास नहीं हुआ वो अकेले योगी जी के काल खंड में हुआ है. मोदी यहीं नहीं रूके।

## तस्वीरों की दुनिया



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद सम्मानित किया गया।



नई दिल्ली में संविधान सदन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाई गई।



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।




कांग्रेस नेता राहुल गांधी बेंगलुरु में भाजपा की कर्नाटक इकाई द्वारा दायर मानहानि मामले में जमानत मिलने के बाद अदालत परिसर से बाहर निकलते हुए।



वायनाड और रायबरेली से कांग्रेस के नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी ने बेंगलुरु में कांग्रेस भवन में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी मौजूद रहे।



लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान एनडीए संसदीय दल की बैठक के लिए अपने आवास से संसद भवन के लिए रवाना हुए।

# लोकसभा चुनाव जीतने पर पीएम मोदी को एलन मस्क ने दी बधाई, भारत में टेस्ला के काम को लेकर कही ये बात



**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

2024 का लोकसभा चुनाव जीतने पर पीएम मोदी को स्ला और स्पेसएक्स के सीईओ, एलन मस्क ने बधाई दी। टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत के लिए नरेंद्र मोदी को बधाई। मैं अपनी कंपनियों द्वारा भारत में रोमांचक काम करने की उम्मीद करता हूं।उनके ट्वीट से साफ पता चलता है कि एलन मस्क की कंपनियां भारत में बड़े पैमाने पर निवेश करने के लिए तैयार हैं। वहीं, बता दें कि एलन मस्क कुछ दिन पहले भारत का दौरा करने वाले थे लेकिन अंत समय में उनका दौरा रद्द हो गया।आम चुनावों में जीत हासिल करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वैश्विक नेताओं की ओर से बधाई संदेश मिलने का सिलसिला जारी है। इस क्रम में पीएम को तुलसी भाई ने भी बधाई दी है। इस पर मोदी ने भी उन्हें धन्यवाद दिया है। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अधानम गेब्रेसस 2022 में जब गुजरात में आयोजित वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार सम्मेलन में भाग लेने आए थे, तो उन्होंने पीएम मोदी से अपने लिए कोई गुजराती नाम रखने का अनुरोध किया था।इस पर पीएम ने कहा था कि एक गुजराती के रूप में मैं आपको तुलसी भाई कहूंगा। आम चुनावों में मोदी की जीत के बाद डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दोबारा चुने जाने पर बधाई। मैं आशा करता हूं कि सबके लिए स्वास्थ्य की खातिर डब्ल्यूएचओ और भारत के बीच घनिष्ठ सहयोग जारी रहेगा। इस पर मोदी ने जवाब दिया, धन्यवाद मेरे मित्र तुलसी भाई! डब्ल्यूएचओ के साथ भारत का सहयोग एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के हमारे दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इसके अलावा पीएम मोदी ने स्विट्जरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड और इंडोनेशिया के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो को भी चुनाव में जीत पर बधाई देने के लिए धन्यवाद दिया।लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शुक्रवार को नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया।

## NDA में बिना शर्त बनी रहेगी तेदेपा, आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण पर क्या बोले नारा लोकेश

**अमरावती 08 जून।** तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) के महासचिव नारा लोकेश ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले पार्टी राजग में शामिल हुई थी और बिना शर्त राजग में बनी रहेगी। तेदेपा सुप्रीमो के उंदावल्ली स्थित आवास पर लोकेश ने कहा कि हमारा मानना है कि उन्हें (मोदी) को देश का प्रधानमंत्री होना चाहिए और इसके बारे में और कोई दूसरा विचार नहीं है। हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि संबंध सहजीवी होने चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, आरक्षण, बजट आवंटन, विकास और अन्य जैसी 100 चीजें होंगी जिन पर एक मेज पर बातचीत की जा सकती है।

# प्रधानमंत्री मोदी का शपथ ग्रहण समारोह होगा यादगार विदेशी मेहमानों के साथ कई खास मेहमान होंगे शामिल



**नईदिल्ली।** नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह कई मायनों में बेहद खास होगा। इस समारोह में जहां एक तरफ दुनियाभर के शीर्ष नेता शामिल होंगे, तो वहीं सफाईकर्मी, ट्रांसजेंडर, मजदूर भी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनेंगे। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में कुल 8000 मेहमान शामिल हो सकते हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह में दुनिया के कई शीर्ष नेता शामिल हो सकते हैं। भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में सादर आमंत्रित किया गया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जु, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री, शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। मालदीव के मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मुइज्जू शनिवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे और इस दौरान उनके साथ उनकी सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी भारत आएंगे। हालांकि अभी तक मालदीव की सरकार की तरफ से इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी थी।

मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है और अगर वह भारत आते हैं तो यह राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी पहली भारत यात्रा होगी। मोहम्मद मुइज्जू पिछले साल राष्ट्रपति बनने के बाद से तुर्किए और चीन का दौरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में सफाईकर्मी, मजदूर, ट्रांसजेंडर, केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी और विकसित भारत के राजदूत इस समारोह के खास मेहमान होंगे। रविवार को नरेंद्र मोदी करीब आठ हजार मेहमानों की उपस्थिति में गैरकांग्रेसी नेता के तौर पर लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने का इतिहास रचेंगे। पीएम रविवार को शाम छह बजे शपथ लेंगे। समारोह में आने के लिए बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, मालदीव, मॉरिशिस और सेशेल्स के शासनाध्यक्षों ने हामी भर दी है। शपथग्रहण समारोह में दर्जनों देशों के राजदूत और उच्चायुक्त भी शिकरत करेंगे।

# एनडीए का मतलब नीतीश, नायडू डिपेंडेंट अलायंस, कांग्रेस ने भाजपा पर कसा तंज



**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पिछले 10 वर्षों में राजग का इतनी बार जिक्र नहीं किया, जितना शुक्रवार को गठबंधन की बैठक में अपने घंटे भर के भाषण के दौरान किया। कांग्रेस ने एनडीए को नीतीश, नायडू डिपेंडेंट अलायंस (नीतीश, नायडू आश्रित गठबंधन) भी करार दिया।कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार को संसद परिसर में राष्ट्रीय हस्तियों की मूर्तियों को हटाने के बारे में लोगों को स्पष्टीकरण देना चाहिए। बताते चलें, महात्मा गांधी, बीआर आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी सहित अन्य की मूर्तियों को संसद परिसर के भीतर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस कदम की कांग्रेस ने तीखी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि इन मूर्तियों को संसद भवन के सामने उनके प्रमुख स्थान से हटा दिया गया है।

खेड़ा ने दावा किया कि सरकार ने हताशा के कारण राष्ट्रीय महापुरुषों की मूर्तियां हटा दी हैं और यह भाजपा द्वारा अकेले बहुमत हासिल नहीं कर पाने पर गुस्सा निकालने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति के निर्णय के बिना ही मूर्तियों को हटा दिया गया।भाजपा महाराष्ट्र में अपनी हार का बदला शिवाजी की मूर्ति को संसद से हटाकर ले रही है। वह अयोध्या में भगवान राम के भक्तों को अपशब्द कह रही है, क्योंकि वह राम मंदिर के आसपास कोई सीट नहीं जीत सकी। एनडीए का पूरा नाम अब नीतीश, नायडू डिपेंडेंट अलायंस है।

# अखिलेश जहां नहीं जीते, वहां लगाया भाजपा पर आरोप, हारे उम्मीदवारों को कहा 'सम्मांसद'

**लखनऊ, 08 जून [एजेंसी]।**

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि परिणाम जनता की आशा के अनुरूप आए हैं, किंतु भाजपा ने अधिकारियों से मिलीभगत कर हमारे कुछ प्रत्याशियों को हराया है। अखिलेश ने कहा कि हमारे जो भी प्रत्याशी भाजपाई-प्रशासनिक घपलों की वजह से जीत दर्ज नहीं कर पाए, दरअसल वो सब भी जीते हुए ही हैं। भाजपा को जो भी वोट मिला है उसका आधार जनता के वोट नहीं, बल्कि उनका प्रशासनिक तंत्र और उनकी घपलेबाजी है। ऐसे सभी जुझारू प्रत्याशियों को हम जनता के सच्चे प्रतिनिधि के रूप में, किसी भी अन्य सांसद के बराबर मानते हुए, जनता द्वारा मत के रूप में उनको दिए गए सम्मान का मान करते हुए, आज से 'सम्मांसद' की जन-उपाधि से सुशोभित मानते हैं। लोकसभा चुनावों में मिली बड़ी सफलता के बाद शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में सपा अध्यक्ष का पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्वागत व



अभिनंदन किया। अखिलेश ने इस मौके पर लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने जीत के लिए कार्यकर्ताओं के परिश्रम की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने अयोध्या में सपा के अवधेश प्रसाद को मिली जीत का विशेषकर उल्लेख किया। कहा कि लोकसभा चुनाव में विचारधारा और संविधान की जीत हुई है।

इस चुनाव में जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का काम किया है। भाजपा की नफरत भरी और नकारात्मक राजनीति को नकार दिया और सकारात्मक राजनीति को जिताया है।कर्नाटक के सपा प्रदेश अध्यक्ष एन. मंजप्पा, केरल के सपा प्रदेश अध्यक्ष साजी थॉमस पोथन और केरल जनता दल (एस) के राष्ट्रीय सचिव आरएस प्रभात ने भी अंगवस्त्र पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राहुल गांधी को दो हफ्ते के अंदर एक सीट से देना होगा इस्तीफा



**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में जीती गई दो सीटों में से एक से दो सप्ताह के भीतर इस्तीफा देना होगा। पूर्व लोकसभा महासचिव और संविधान विशेषज्ञ पीडीटी अचारी ने बताया कि जो भी उम्मीदवार दो सीटों से जीतता है, उसे चुनाव परिणाम के 14 दिनों के भीतर एक सीट छोड़नी पड़ती है।17वीं लोकसभा के भंग होने के बाद भी गांधी मौजूदा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा भेज सकते हैं, क्योंकि 18वीं लोकसभा के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त होने तक वह पद पर बने रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा नई लोकसभा के गठन के लिए सदन को भंग करने की केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह स्वीकार करने के बाद पांच जून को 17वीं लोकसभा भंग हो गई है। आचारी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद खाली होने की स्थिति में सदस्य चुनाव आयोग को इस्तीफा भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सदस्य दो सीटों में से एक से इस्तीफा नहीं देता है, तो उसे दोनों सीटें खोने का खतरा होता है। नई लोकसभा में कांग्रेस की सीटें 99 हैं, जिसमें राहुल गांधी की वायनाड और रायबरेली दोनों सीटें शामिल हैं।चुनाव आयोग लोगों को दो सीटों से चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कानूनों में संशोधन करने के लिए सरकार से मांग की थी। आयोग ने कहा था कि उपचुनाव की आवश्यकता वाली सीट खाली करने वाले उम्मीदवार से राज्य के खजाने में उचित राशि जमा कराने का प्रविधान किया जाए।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस की सफलता में राहुल की यात्राओं का हाथ, यात्राएं जहां पहुंचीं, उन सीटों पर मिली जीत

**मुंबई, 08 जून [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस न सिर्फ सबसे बड़ी पार्टी बनी, बल्कि किसी भी राज्य में कांग्रेस को सर्वाधिक सीटें दिलवाने वाला राज्य महाराष्ट्र बना है। इस सफलता में बड़ा योगदान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोनों भारत जोड़ो यात्राओं का माना जा रहा है। महाराष्ट्र में जहां-जहां राहुल गांधी की ये यात्राएं पहुंचीं, उन-उन सीटों पर कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शपा) को जीत हासिल हुई है। कांग्रेस महाराष्ट्र में 17 सीटों पर लड़कर 13 सीटें जीती हैं। सांगली में शिवसेना (यूबीटी) द्वारा अपना उम्मीदवार खड़ा करने के कारण वहां कांग्रेस के बागी विशाल पाटिल स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़कर जीते और अब कांग्रेस को अपना समर्थन दे चुके हैं। इस प्रकार राज्य में कांग्रेस की 14 सीटें हो चुकी हैं। इससे पहले 2009 के चुनाव में कांग्रेस को 17 सीटें और 2004 में 13 सीटें हासिल हुई थीं।2014 में दो और 2019 में एक सीट पर सिमट गई थी। महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ नसीम खान कहते हैं कि महाराष्ट्र में कांग्रेस को मिली सीटों की संख्या किसी भी अन्य राज्य से अधिक है। पार्टी के इतनी सीटें जीतने में राहुल गांधी की यात्राओं का बड़ा योगदान रहा है। राहुल गांधी की दूसरे चरण की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन मुंबई के शिवाजी पार्क में हुआ था। इससे पहले उन्होंने नंदुरबार से महाराष्ट्र में प्रवेश किया। न्याय यात्रा के दौरान पहले राहुल गांधी की सभा, फिर चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की सभा के अगले ही दिन प्रियंका वाड्रा की सभा ने ऐसा रंग



जमाया कि नंदुरबार में भाजपा की सांसद डॉ.हिना गावित को करारी हार का सामना करना पड़ा। नंदुरबार से निकलकर राहुल गांधी धुले होते हुए नासिक पहुंचे थे। नासिक के पिंपलगांव में उन्होंने महाविकास आघाड़ी की संयुक्त सभा की थी।इसमें राकांपा (शपा) के अध्यक्ष शरद पवार एवं शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे भी शामिल हुए। पिंपलगांव प्याज उत्पादक किसानों का क्षेत्र है। यहां के किसान एवं व्यापारी पिछले कुछ महीनों से लगे निर्यात प्रतिबंध से नाराज थे। राहुल किसानों से जुड़े इन मुद्दों को उठाने में कामयाब रहे। नतीजतन भाजपानीत महायुति धुले, दिंडोरी और नासिक, तीनों सीटें हार गई।नासिक से निकलकर राहुल गांधी का अगला पड़ाव भिवंडी में था। नसीम खान बताते हैं कि भिवंडी की एक अदालत में राहुल गांधी को मानहानि के एक मुकदमे के कारण पहले भी कई बार आना पड़ा था। यहां के लोगों में उनके प्रति सहानुभूति थी। इसका असर भिवंडी के चुनाव परिणाम पर नजर आया। भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल हार गए और राकांपा (शपा) के उम्मीदवार सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे जीत गए।मुंबई में भी जहां-जहां से राहुल की यात्राएं निकलीं, वहां महायुति को हार का सामना करना पड़ा। उत्तर-मध्य मुंबई की जो सीट कांग्रेस के लिए मुश्किल मानी जा रही थी, उस सीट से भी मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ भाजपा के उम्मीदवार वरिष्ठ वकील उज्ज्वल निकम को हराने में सफल रहीं।

मुंबई की छह में से कुल चार सीटें महाविकास आघाड़ी के खाते में गई हैं। राहुल की पहली भारत जोड़ो यात्रा का महाराष्ट्र में प्रवेश नांदेड जिले से हुआ था। उस समय तक अशोक चव्हाण कांग्रेस में ही थे। बाद में वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए। नसीम खान कहते हैं कि अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने के बावजूद मतदाता कांग्रेस के साथ ही रहे। नांदेड़ से भाजपा सांसद व उम्मीदवार प्रतापराव चिखरीकर को अशोक चव्हाण के समर्थन के बावजूद हार का सामना करना पड़ा, जबकि पिछले चुनाव में चिखलीकर अशोक चव्हाण को हराकर ही जीते थे। पिछली यात्रा में राहुल अहमदनगर भी गए थे। उस क्षेत्र में प्रभावशाली माने जाने वाले भाजपा सांसद सुजय विखे पाटिल को राकांपा (शपा) के उम्मीदवार नीलेश लंके के सामने मुंह की खानी पड़ी है।

## 300 करोड़ की संपत्ति के लिए की ससुर की हत्या करवाई, बचने के लिए हिट एंड रन का दिया रूप

**नागपुर, 08 जून [एजेंसी]।**

ससुर की हत्या करवाने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि महिला ने ससुर की 300 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पने के लिए ससुर की हत्या की साजिश रची। नागपुर क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 22 मई को बालाजी नगर में कार से कुचलने से पुरुषोत्तम पुत्तेवार की मौत हो गई थी, लेकिन जांच और इलाके के सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि यह हत्या का मामला था। जांच के बाद टाउन प्लानिंग विभाग में सहायक निदेशक अर्चना मनीष पुत्तेवार को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपित महिला को नौ जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उसने ससुर की हत्या के लिए पुरानी कार खरीदने के लिए सह आरोपित को पैसे दिए ताकि हत्या को दुर्घटना जैसा दिखाया जा सके। जाहिर तौर पर उसका मकसद ससुर की 300 करोड़ रुपये की संपत्ति पर कब्जा करना था। अधिकारी ने कहा, हमने दो कार, सोने के आभूषण, मोबाइल फोन आदि जब्त कर लिए हैं। उस पर अपने पति के ड्राइवर बागड़े और दो अन्य लोगों नीरज निमजे और सचिन धार्मिक के साथ मिलकर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। उस पर भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम के प्रविधानों के तहत हत्या और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

# 'राहुल गांधी मैन ऑफ द मैच..., कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा- उन्हें बनना चाहिए नेता प्रतिपक्ष



**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव का मैन आफ द मैच बताया। साथ ही कहा कि यह उचित होगा कि वह निचले सदन में विपक्ष के नेता का पद संभालें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूरे देश में बड़े पैमाने पर प्रचार किया था। खरगे राज्यसभा में हैं, जहां वह विपक्ष का नेतृत्व करते हैं और यह उचित होगा कि राहुल गांधी लोकसभा में ऐसा ही करें।

शशि थरूर ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि अब हमारे पास सरकार के खिलाफ खड़े होने के लिए एक मजबूत संख्या है और विपक्ष का नेता ऐसा नेता होना चाहिए, जो निस्संदेह पार्टी में सबसे लोकप्रिय हो। उन्होंने कहा कि यह मोदी और शाह के लिए एक चुनौती होगी, जो अपनी सरकार चलाने में बहुत अधिक सलाह-मशविरा करने के आदी नहीं रहे हैं। मुझे लगता है कि यह उनके काम करने के तरीके को बदलने और अधिक समायोजन करने की उनकी क्षमता का परीक्षण करने जा रहा है।


## अमिताभ कांत ने आईआईटी पाठ्यक्रम में बदलाव की जरूरत पर दिया जोर, बोले- देश में जल्द तैयार करने होंगे इंजीनियर



**नईदिल्ली, 08 जून [एजेंसी]।**

जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि कई इंजीनियरिंग कॉलेजों और आईआईटी के पाठ्यक्रम को वर्तमान मांग के अनुरूप फिर से तैयार करने की जरूरत है। बेंगलुरु में इंडिया ग्लोबल इनोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 कार्यक्रम में अमिताभ कांत ने कहा कि उद्योग की मांग और उपलब्ध टैलेंट पूल (योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता) के बीच की खाई को पाटने और भारत में कुशल इंजीनियरों की संख्या बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। अमिताभ कांत ने कहा, भारत को स्वयं को नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना होगा, जिसकी शुरुआत अनुसंधान और विकास के प्रति बदलते दृष्टिकोण से होनी चाहिए। इस तथ्य के बावजूद कि अनेक भारतीय कंपनियां अनुसंधान एवं विकास में पिछड़ रही हैं, सरकार एक लाख करोड़ रुपये के कोष की शुरुआत करके इसमें बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अगले तीन- चार महीनों में इसकी शुरुआत की जाएगी।उन्होंने कहा कि हमें आज की औद्योगिक मांगों के लिए इंजीनियरों को जल्दी से तैयार करने के लिए आईआइटी और अन्य प्रमुख संस्थानों के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को फिर से तैयार करने की आवश्यकता है।

# रूस की संप्रभुता पर खतरा दिखा तो परमाणु हमले से परहेज नहीं करेगा रूस, पुतिन की पश्चिमी देशों को धमकी



**सेंट पीटर्सबर्ग, 08 जून [एजेंसी]।**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि उन्हें फिलहाल रूस की संप्रभुता पर कोई खतरा दिखाई नहीं दे रहा है। अगर कभी रूस को ऐसा खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से परहेज नहीं करेगा। इसके लिए पश्चिमी देशों को निशाना बनाने वाले हथियार अविलंब निर्धारित स्थलों पर तैनात कर दिए जाएंगे।पुतिन ने यह बात अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच की सेंट पीटर्सबर्ग में हो रही बैठक में कही है। उन्होंने कहा, परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की स्थिति बेहद असामान्य मामलों में बनती है। उन्हें विश्वास है कि ऐसी स्थिति कभी नहीं बनेगी।

इससे पहले पुतिन साफ कर चुके हैं कि पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को भेजे जा रहे हथियार अगर उसकी संप्रभुता के लिए खतरा बनते हैं तो रूस परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से नहीं हिचकेगा और ऐसे में वैश्विक अस्थिरता का खतरा पैदा हो जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन को हथियार और अन्य सहायता मिलने में हो रही देरी के लिए यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की से खेद जताया है। बाइडन ने कहा, अमेरिकी संसद से स्वीकृति में विलंब के चलते यूक्रेन को यह सहायता मिलने में देर हो रही है। विदित हो कि हथियारों और गोला-बारूद की कमी के चलते रूसी सेना के सामने यूक्रेनी सेना को युद्ध के मैदान में लगातार पीछे हटना पड़ रहा है। दोनों नेता पेरिस में शुक्रवार को मिले थे।



# रेड आउटफिट पहन शरवरी वाघ ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें

बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ इन दिनों अपने स्टनिंग फैशन सेंस के कारण सोशल मीडिया पर खूब लाइमलाइट बटौर रही हैं। उनका हॉट अंदाज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही इंटरनेट पर कहर बरपा रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर यूजर्स खुद को कॉमेंट करने से नहीं रोक पा रहे हैं।

एक्ट्रेस शरवरी वाघ किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोगों की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस आहें भरते नजर आ रहे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने रेड कलर की बेहद स्टाइलिश स्कर्ट और टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस के इस लुक को देखकर फैंस खुद को कॉमेंट्स करने से नहीं रोक पा रहे हैं और साथ ही लाइक्स देते हुए दिलखोलकर अपना प्यार बरसा रहे हैं। शरवरी वाघ की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक यूजर ने तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए- हॉटनेस अलर्ट लिखा है। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- सो एलिगेंट एंड सिंपल। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- हॉटनेस।

एक्ट्रेस शरवरी वाघ सोशल मीडिया स्टार हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

बता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस शरवरी वाघ अपनी अपकमिंग फिल्म मुंज्या के लेकर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं।

# डेंड्रफ की वजह से सिर में होती है खुजली? तो रोजाना करें इस चीज से बालों की मालिश



बालों में होने वाला डैंड्रफ अब एक आम समस्या बन गया है, जो कई कारणों से हो सकता है. कई बार डैंड्रफ शर्मिंदगी का कारण बन जाता है. खोपड़ी का सूखापन डैंड्रफ का सबसे आम कारण होता है. बता दें कि जब खोपड़ी शुष्क होती है, तो त्वचा की कोशिकाएं तेजी से मरने लगती है और गुच्छे बनाकर गिरने लगती है. जिसे हम डैंड्रफ का नाम दे देते हैं. यही नहीं कई बार तनाव, हार्मोनल बदलाव, कमजोरी, दवाइयों का सेवन करना आदि की वजह से डैंड्रफ हो सकते हैं.

डैंड्रफ से पाएं छुटकारा

डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरह के घरेलू उपाय आजमा सकते हैं. कई बार अधिक डैंड्रफ होने की वजह से सिर में खुजली चलने लगती है, खोपड़ी पर लालिमा और तैलीयपन आने लगता है. अगर आप भी डैंड्रफ से परेशान है, तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है. क्योंकि आज हम आपको ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप बालों से डैंड्रफ को दूर कर सकते हैं और अपने बालों को खूबसूरत बना सकते हैं. हम बात कर रहे हैं नारियल तेल और नींबू की.

नारियल तेल और नींबू के रस का इस्तेमाल

नींबू का तेल एंटी फंगल गुणों से भरपूर होता है. यह फंगस के विकास को रोकने में मदद करता है, आप इसका इस्तेमाल कर डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं. इसके लिए आपको एक बड़ा चम्मच नारियल तेल में 5 से 10 बूंद नींबू के रस की मिलाना होगी. इस मिश्रण को आप रात में सोने से पहले अपने बालों पर लगा ले और हल्के हाथों से सिर की मालिश करें. सुबह उठकर आप शैंपू से अपने बाल धो सकते हैं. ऐसा करने से डैंड्रफ से राहत मिलेगी और सर में खुजली चलना बंद होगी.

मालिश करने से पहले करें ये काम

आप नारियल तेल, बादाम तेल का भी इस्तेमाल कर हल्के हाथों से अपने बालों की मालिश कर सकते हैं. इसके अलावा आप मालिश करने से पहले अपने बालों को सुलझा ले और बालों को हल्का गीला कर ले, ध्यान रहे तेल का उपयोग सीमित मात्रा में करें, स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन करें, दिन भर में काम से कम 7 से 8 गिलास पानी जरूर पिए, धूप में जाने से बच्चे और तनाव कम करें. इससे भी डेंड्रफ की समस्या से छुटकारा मिलता है. इन सब उपायों को करने के बाद भी आपको डैंड्रफ से राहत नहीं मिलती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

## गर्मी में अगर आप भी रोजाना खा रहे हैं दही तो जान लें यह जरूरी बातें, वरना शरीर पर पड़ता है बुरा असर



दही को पोषण से भरपूर माना जाता है. इसमें कई सारे विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं. खासकर गर्मियों में लोग दही का रोजाना और ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. कुछ लोगों को पराठे के साथ सुबह-सुबह दही खाना पसंद होता है. क्योंकि यह कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होता है. लेकिन क्या गर्मी में रोजाना दही ठीक है?

दही खाना सही होता लेकिन लिमिट में

दही पेट के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक दही खाना अच्छी बात है लेकिन इसे एक लिमिट मात्रा में खाना चाहिए. क्योंकि ज्यादा खाने से इसके कई सारे साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं. रात में इसे खाने से डॉक्टर इसे मना करते हैं क्योंकि इसे खाने से कफ बनने लगता है.

मसल्स, स्किन, बाल, नाखून बनने के लिए प्रोटीन की होती है जरूरत

सेल्स को बढ़ने के लिए अमिनो एसिड की जरूरत पड़ती है. इसमें भरपूर मात्रा में मसल्स, स्किन, बाल, नाखून जैसी चीजें प्रोटीन से बनी होती है.

रिपोर्ट के मुताबिक 100 ग्राम दही के अंदर 11.1 ग्राम प्रोटीन मिल जाता है. आंतों में कई सारे जिंदे बैक्टीरिया होते हैं. यह खाना पचाने और पोषण से भरपूर होता है. दही खाने से कब्ज, ब्लोटिंग, गैस, पेट की गर्मी भी दूर करती है.

हड्डियों को मजबूत रखने के लिए कैल्शियम की जरूरत पड़ती है. कैल्शियम के कारण हड्डियां मजबूत होती है. इस खतरे को कम करने के लिए दही जरूर खाना चाहिए. दही खाने से पेट ठंडा रहता है और पेट की जलन भी कम होती है. पेट में होने वाली एसिडिटी भी दही खाकर कम किया जा सकता है. दही-चीनी मिलाकर खाने से पूरा दिन एनर्जेटिक महसूस करते हैं.

# जुग जुग जियो का सीक्वल बनाने में जुटे करण जौहर, टाइगर श्रॉफ आएंगे नजर

करण जौहर आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्में दर्शकों के बीच पेश करेंगे। वह अब जल्द ही अपनी एक और फिल्म का ऐलान करने वाले हैं।खबर है कि करण अपनी हिट फिल्म जुग जुग जियो का सीक्वल लेकर आ रहे हैं और आजकल वह इसकी की तैयारी में लगे हैं। खबर यह भी है कि इस बार फिल्म में अभिनेता टाइगर श्रॉफ की एंट्री होने वाली है।आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, करण जुग जुग जियो के निर्देशक राज मेहता के साथ इसके दूसरे भाग की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं।वरुण धवन फिल्म में वापसी करने वाले हैं, वहीं फिल्म में टाइगर भी हो सकते हैं। हालांकि, किसी के भी नाम पर निर्माता-निर्देशक की मोहर नहीं लगी है।पहले वरुण और टाइगर को लेकर राज एक एक्शन फिल्म बनाने वाले थे। हालांकि, बजट ज्यादा होने की वजह से उन्होंने वो फिल्म ठंडे बस्ते में डाल दी।



राज फिलहाल अपनी टीम के साथ मिलकर एक ऐसी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं, जो पूरी तरह से एक फैमिली एंटरटेनर हो और पहली किस्त से ज्यादा मनोरंजक हो।उधर करण भी फिल्म की कहानी के साथ कोई समझौता नहीं करना चाहते, इसलिए वह इससे जुड़े हर छोटे-बड़े पहलू पर खास ध्यान दे रहे हैं।स्क्रिप्ट फाइनल होने के बाद सीक्वल का ऐलान किया जाएगा और इससे जुड़ीं अन्य जानकारियां सामने आएंगी।

जुग जुग जियो 24 जून, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया. फिल्म में दो पीढ़ियों के रिश्ते और रोमांस को दिखाया गया है। ये एक फैमिली कॉमेडी मूवी है, जिसने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था।इस फिल्म में वरुण के अलावा कियारा आडवाणी, अनिल कपूर, नीतू कपूर, मनीष पॉल और प्राजक्ता कोली भी नजर आई थीं। सिनेमाघरों के बाद यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आई।

करण के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले कई फिल्में बन रही हैं।एक तरफ जहां वह आलिया भट्ट की जिगरा पर काम कर रहे हैं, वहीं विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की फिल्म बैड न्यूज बनाने का जिम्मा भी उन्हीं पर है।अक्षय कुमार और अनन्या पांडे की शंकरा, सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म धड़क 2 भी करण के पास है। सरजमीं, नादानियां, सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और द बुल पर भी करण काम कर रहे हैं।

## बॉलीवुड में डेब्यू करना किसी सपने के सच होने जैसा है : निमृत कौर अहलूवालिया

थ्रिलर ड्रामा के साथ फिल्मों की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया ने बताया कि फिल्म के लिए रोल पाना जबरदस्त एक्सपीरियंस था।

निमृत ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी शो छोटी सरदारनी से की थी। वह कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 16 में भी नजर आई थीं और फिलहाल वह खतरों के खिलाड़ी के 14वें सीजन के लिए रोमानिया रवाना हो गई हैं।

उनकी अपकमिंग फिल्म, जिसका टाइटल अभी तय नहीं हुआ है, अजय राय के प्रोडक्शन हाउस, जार पिक्चर्स के बैनर तले बन रही है।

निमृत ने कहा, बिग बॉस सीजन 16 में अपनी जर्नी के बाद, मैं अपने एक्टिंग करियर में नए रास्ते तलाशने के लिए काफी एक्साइटेड हूं, और यह प्रोजेक्ट सही अवसर पेश करता है।

ऐसी टैलेंटेड टीम और मशहूर डायरेक्टर के साथ काम करना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा है।

उन्होंने कहा, मेरे एजेंट ने अजय से मिलवाया और उन्होंने इस



रोल के लिए मुझे चुना। कई राउंड ऑडिशन होने के बाद, उन्हें यकीन हो गया कि मैं उनकी फिल्म में बड़े पर्दे पर डेब्यू के लिए बिल्कुल सही हूं। फिल्म में रोल मिलना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस है।

अनटाइटल्ड थ्रिलर ड्रामा अलग सिनेमाई एक्सपीरियंस देता है। फिल्म की कहानी और कलाकारों के बारे में जानकारी अभी भी गुप्त रखी गयी है।

इस प्रोजेक्ट की शूटिंग इस साल की तीसरी तिमाही में शुरू होने वाली है।

## राघव लॉरेंस ने किया कंचना के चौथे भाग का ऐलान, पहला पोस्टर भी आया सामने

राघव लॉरेंस के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म कंचना तमिल सिनेमा की यादगार फिल्मों में से एक है।यह फिल्म साल 2011 में आई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।हॉरर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म कंचना के अब तक तीन भाग आ चुके हैं और पिछले कुछ समय से दर्शक इस फिल्म की चौथी किस्त का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है।दरअसल, लॉरेंस ने कंचना 4 का ऐलान कर दिया है।

कंचना 4 का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में तमिल भाषा में कंचना 4 लिखा है।इस फिल्म की कहानी खुद लॉरेंस ने लिखी है। कंचना 4 की शूटिंग सितंबर, 2024 में शुरू हो जाएगी।कंचना का दूसरा भाग 17 अप्रैल, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था, वहीं कंचना 3 19 अप्रैल, 2019 को आया था।

कंचना 4 का निर्देशन और निर्माण राघव लॉरेंस कर रहे हैं, फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म बेंज को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। यह एक हॉरर थ्रिलर फिल्म है, जिसे मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज ने लिखा है। फिल्म का निर्देशन बक्कियाराज कन्नन कर रहे हैं। इस फिल्म के बाद वह कंचना 4 की शूटिंग शुरू करेंगे। अभिनेता को




हॉरर फिल्मों में पसंद करने वाले फैंस के लिए यह डबल तोहफा होगा। वह एक के बाद एक लगातार दो हॉरर फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

कंचना को मुनि के नाम से भी जाना जाता है। मुनि साल 2007 में रिलीज हुई थी। फिल्म में राघव लॉरेंस, सरथकुमार, लक्ष्मी राय आदि कलाकार नजर आए थे। इसके बाद इस फिल्म का अगला भाग मुनि 2 साल 2011 में रिलीज हुआ था। इसे कंचना 2 के नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी कड़ी कंचना 3 साल 2019 में रिलीज हुई थी। अब निर्माता इसके चौथे भाग पर काम शुरू कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म कंचना 4 अगले साल अप्रैल के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## बॉक्स ऑफिस पर सवी: ए ब्लडी हाउसवाइफ ने तोड़ा दम

इन दिनों सिनेमाघरों में दर्शकों के मनोरंजन के लिए कई फिल्में लगी हुई हैं। इनमें कई फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं तो कई का बुरा हाल है।जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के अलावा दिव्या खोसला कुमार की सवी: ए ब्लडी हाउसवाइफ और राजकुमार की फिल्म श्रीकांत भी लगी हुई है, जिनका बॉक्स ऑफिस पर हाल-बेहाल है।

## रवितेजा के भतीजे माधव स्टाटर पहली फिल्म मिस्टर इडियट का टीजर जारी



मास महाराज रवितेजा के भतीजे माधव अभिनीत फिल्म मिस्टर इडियट में नायिका के रूप में सिमरन शर्मा हैं। जेजेआर एंटरटेनमेंट्स और सुश्री यालामांची रानी के बैनर तले जेजेआर रविचंद द्वारा निर्मित, यह फिल्म गौरी रोनांकी द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने पेली सांडा डी से व्यावसायिक सफलता हासिल की थी। आज रवितेजा ने सोशल मीडिया पर मिस्टर इडियट का टीज़र जारी किया। टीज़र में सत्या (सिमरन शर्मा द्वारा अभिनीत) का परिचय दिया गया है, जो ध्रुव फैशन डिजाइनिंग कॉलेज की एक शीर्ष छात्रा है, जो अपने अद्वितीय डिजाइन कौशल के लिए जानी जाती है। इस दौरान, हीरो (माधव) कॉलेज में प्रवेश करता है और सत्या को मल्टीपल कहकर चिढ़ाता है। टीज़र दिलचस्प ढंग से दिखाता है कि कैसे उनकी उथल-पुथल भरी दोस्ती प्यार में बदल जाती है। माधव रवितेजा के ऊर्जावान सार को प्रस्तुत करते हैं और अपनी स्टाइलिश उपस्थिति और प्रदर्शन दोनों से प्रभावित करते हैं। मिस्टर इडियट, जिसने सभी निर्माण चरण पूरे कर लिए हैं, जल्द ही एक भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स द्वारा की जाएगी.

## शब्द सामर्थ्य -081

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 080 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

# विष्णु के सुशासन में रिपोर्ट नहीं रिजल्ट चाहिएः जायसवाल

## स्वास्थ्य मंत्री ने मैराथन बैठक लेकर की समीक्षा , आचार संहिता खत्म होते ही छत्तीसगढ़ में सरकार का काम शुरू

**कोरिया।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक लेकर विभाग के कामकाज की समीक्षा की। श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार इजाफा किया जा रहा है और सभी मेडिकल कालेज तथा जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। श्री जायसवाल ने अधिकारियों को कहा है कि विष्णु के सुशासन में उन्हें रिपोर्ट नहीं बल्कि रिजल्ट चाहिए ताकि राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं निरंतर मिलती रहें।



श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य मे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए ये आवश्यक नहीं है कि बजट की उपलब्धता रहे, बल्कि आवश्यक ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति हो, हमें ऐसा काम करना है जिससे लोगों के मन में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सकारात्मक भाव आए। मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता की आवश्यकता, स्वास्थ्य मंत्री ने मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों के बारे में बात करते हुए कहा है कि इसको लेकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इसके लिए जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों का संक्रेंद्रण ज्यादा है वहां ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों को इनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समीक्षा बैठक में विभागीय बजट का आंकलन करते हुए उसे अनुपूरक बजट में शामिल करने के प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके साथ ही नियमित बजट में पारित कार्यो की भी समीक्षा की।

श्री जायसवास ने विभागीय समीक्षा बैठक में चिकित्सकों एवं निचले स्टाफ की पदस्थापना को लेकर चर्चा की और रिक्त पदों को जल्द से जल्द व्यापम एवं पीएससी के माध्यम से भरे जाने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी को ध्यान मे रखते हुए वहां एक अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशंसा की है। सुपेबेड़ा में बीमार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने और बीमारी के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में उत्कृष्ट डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशसा की है ताकि वहां के मरीजों को त्वरित लाभ मिल सके। इसके साथ ही श्री जायसवाल ने राज्य भर के किडनी के मरीजो के बेहतर इलाज के लिए राज्य में एक माडल नेफ्रोलाजी सेंटर खोलने की भी अनुशंसा की है।

राज्य के अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता की चर्चा करते हुए श्याम बिहारी जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही श्री जायसवाल ने विभाग को निर्देशित किया है कि एनीमिया की बीमारी को ठीक करने के लिए उपलब्ध दवाइयों के सैंपल की अलग-अलग लेबोरेट्री में रैंडम जांच की जाए ताकि इस जरूरी दवा की गुणवत्ता को जांचा परखा जा सके। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, एनएचएम के एमडी जगदीश सोनकर, आयुक्त सह संचालक ऋतुराज रघुवंशी, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि विभाग कुलदीप शर्मा, संचालक आयुष सुश्री इफ्फत आरा, सीजीएमएससी एमडी सुश्री पद्मिनी भोई साहू समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## विराट कवि सम्मेलन 15 को चरचा में



**चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा कालरी के श्रमवीर स्टेडियम परिसर में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन 15 जून को किया जाएगा कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवि नरेंद्र मिश्रा धड़कन छत्तीसगढ़ ,सुरेश मिश्रा मुंबई हास्य व्यंग कवि, सुनील समैया बीना मध्य प्रदेश हास्य रस, कवि प्रीतम नायक हरियाणा वीर रस कवि, निशा आनंद दुर्ग छत्तीसगढ़ श्रृंगार रस कवियत्री, राजेंद्र शुक्ला सहज मध्य प्रदेश ओजस्वी कवि के द्वारा सामाजिक राजनीतिक एवं विभिन्न विषयों पर एक से बढ़कर एक कविता पाठ किया जाएगा।

## सृष्टि कटकवार ने नीट मे हासिल की 630 अंक

**कोरिया।** राष्ट्रीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा 2024 विगत दिनों 5 मई को आयोजित हुआ। इस प्रवेश परीक्षा मे डी ए वी पाण्डवपारा की छात्रा सृष्टि कटकवार ने 630 अंक हासिल करके नगर का गौरव बढ़ाया है। ज्ञात हो कि सृष्टि बचपन से मेधावी रही है। सृष्टि डी ए वी के शिक्षक संतोष कटकवार एवं सुनीता कटकवार की सुपुत्री है। उन्होंने बताया. कि डॉक्टर बनकर समाज के जरूरत मंदो की सेवा करना चाहती है।

## मेधावी छात्र को सम्मानित किया महाप्रबंधक झा ने

### एसईसीएल ने उपलब्ध कराई निशुल्क कोचिंग सुविधा



**चरचा कालरी।** कोयला उत्पादन में अग्रणी एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन के क्रम में वर्ष 2023- 24 की अवधि में सुश्रुत्व कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी जिसके तहत एसईसीएल खनिज प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा NEET 23 -24 की निशुल्क कोचिंग व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी निशुल्क कोचिंग के साथ बच्चों को निशुल्क आवासीय सुविधा भी दी गई जिसमें बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखा गया राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा हेतु खनिज प्रभावित क्षेत्र के 40 बच्चों का चयन कर उन्हें कोचिंग सुविधा दी गई इसमें बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत चार विद्यार्थियों का चयन हुआ था जिसमें बैकुंठपुर निवासी मोहम्मद नदीम आत्मज अहमद जमशेद के द्वारा नीट परीक्षा में 591 अंक प्राप्त कर अर्जित कर सफलता प्राप्त की इस उपलब्धि के प्रति बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी .एन. झा के द्वारा मोहम्मद नदीम एवं उनके परिवार जनों को क्षेत्रीय कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विदित हो कि एसईसीएल बिलासपुर के द्वारा आयोजित नीट परीक्षा कोचिंग में खनिज प्रभावित क्षेत्र के 40 विद्यार्थियों का चयन किया गया था जिसमें 39 विद्यार्थियों ने आवश्यक न्यूनतम निर्धारित अंक अर्जित करते एसईसीएल के शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने वाले इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सार्थक बनाया बच्चों की सफलता से सुश्रुत कार्यक्रम का उद्देश्य भी पूरा हुआ सम्मान कार्यक्रम में महाप्रबंधक बी.एन .झा ने कहा कि आने वाले भविष्य में एसईसीएल के खनिज प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के द्वारा आधिकाधिक संख्या में कोचिंग में लाभ लेकर अपने उज्जवल का भविष्य का निर्माण करेंगे अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन के प्रति हम सदैव प्रतिबद्ध हैं।

## मुख्य न्यायाधीश द्वारा लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा

**रायपुर।** मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के निर्देशानुसार रिट, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन, अवमानना प्रकरणों एवं अन्य प्रकरणों में औचित्यहीन लंबित प्रकरणों का चिन्हांकन कर सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। प्रकरणों का भौतिक सत्यापन जिला न्यायालय बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग में, पदस्थ, 40 न्यायिक अधिकारियों एवं उच्च न्यायालय स्थापना में पदस्थ लगभग 36 अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है।

## रामचरितमानस गायन वादन प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के ग्राम केसगवा सोनहत में श्री रामचरितमानस गायन वादन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर आयोजन मंडली श्री राम सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम केसगवा रोशन मानस मंडली केसगवा के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। श्री रामचरितमानस गायन वादन सम्मेलन 2024 का आयोजन 10 एवं 11 जून को किया जाएगा। आयोजन के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभिषेक दुबे अनुराग तिवारी रामफल यादव से संपर्क किया जा सकता है। आयोजक मंडल ने बताया कि आयोजन क्षेत्र के कल्याण के लिए किया जा रहा है। आयोजक मंडल के सदस्यों ने लोगों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## ग्राम बतरा में अवैध रूप से रखे 56 नग साल चिरान किया गया जब्त

**सूरजपुर।** मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वनवृत्त के निर्देशानुसार वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन, उपवनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के नेतृत्व एवं वनपरिक्षेत्राधिकारी सूरजपुर, परिक्षेत्र सहायक सूरजपुर एवं कसकेला के कर्मचारियों की उपस्थिति में तलाशी वारंट के माध्यम से ग्राम बतरा निवासी सेवक राम राजवाड़े पिता स्वर्गीय जुगेश्वर राजवाड़े के घर से अवैध रूप से रखे 56 नग साल चिरान 0.866 घनमीटर की जप्ती की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25000 रूपये है। जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## एसएचजी ग्राम पंचायत को ओडीएफग्राम बनाने में निभा रही है महत्वपूर्ण भूमिका

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार और सीईओ ज़िले पंचयात के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के सफ्ल क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत तेलाईमुड़ा जनपद पंचायत रामानुजनगर की सरपंच श्रीमती चंद्रवती बघेल के द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण कार्य में सहयोग करते हुए स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं को मासिक यूजर चार्ज 50/-रुपये माह मई का भुगतान कर अपने ग्राम पंचायत को (ओडीएफ) मॉडल ग्राम बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपना एक क़दम स्वच्छता की ओर बढ़ाया है। इस ओर अपने ग्राम पंचायत सरपंच के इस अनुकरणीय पहल से प्रेरित होकर कचरा संग्रहण कार्य में सम्मिलित समूह की महिलाओं के द्वारा भी अपनी स्वेच्छा से मासिक यूजर चार्ज 20/- रुपये भुगतान कर एक मिसाल कायम कर अपने जनपद के अन्य ग्राम पंचायतों में कार्यरत स्वच्छाग्रही समूहों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

## सीटू यूनियन की क्षेत्रीय समिति का गठन, रमन सिंह बने क्षेत्रीय अध्यक्ष



**कोरिया।** देश की कोयला खदानों में कार्यरत श्रम संघ कोयला श्रमिक संघ सीटू यूनियन का नवां क्षेत्रीय सम्मेलन 31 5.2024 को झिलमिलि उप क्षेत्र के सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ संपन्न हुआ ।सम्मेलन में सीटू श्रम संघ के केंद्रीय नेता देवेंद्र कुमार निराला, वी एम मनोहर ,जे एस सोढी भी उपस्थित रहे । सम्मेलन में पीसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के कोयला श्रमिक संघ सीटू के ब्रांच के सभी ब्रांच के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे ।सम्मेलन में क्षेत्रीय कमेटी की नई टीम का सर्व समिति से चयन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष रमन कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव इंद्रदेव चौहान, कोषाध्यक्ष दिलीप पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद गुप्ता के अलावा समिति में संदीप कुमार ,भूदेव प्रसाद ,अखिल तिर्की, शैलेंद्र साहू ,राजाराम जाता, जमालुद्दीन ,बलजिंदर सिंह, मानिकचंद, रमेश जनता, राम मूर्ति नायडू ,दीपक झा, रमेश अहिरवार ,शेषमणि पटेल ,रघुनंदन भास्कर, सहदेव सिंह ,दिलीप कुमार, नंदकुमार पाव ,सूरज कुमार सिंह ,भूषण प्रसाद विश्वकर्मा, विश्वनाथ चौहान, गणेश प्रसाद ,गोविंद यादव, सुरेंद्र बहादुर सिंह ,अशोक सिंह ,प्रमोद कुमार सिंह, अर्जुन रजक ,सीडी यादव, रूपेंद्र पाल ,सुमंत कुमार सिंह, अरविंद कुमार, रूपनारायण, मणिलाल ,रवि रंजन, श्रवण कुमार आदि रहे नई कमेटी में कुल 41 लोगों का चयन हुआ सम्मेलन में कोयला श्रमिक संघ के महासचिव वी एम मनोहर अध्यक्ष देवेंद्र कुमार निराला कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सोढ़ी ने भी संबोधित किया। सम्मेलन को अपनी शुभकामना देने एस ई सी एल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन जी राजेंद्र कुमार ,उप क्षेत्रीय प्रबंधक झिलमिली आरपी मिश्रा ,खान प्रबंधक पांडवपारा बीके पांडे, खान प्रबंधक झिलिमिली संजय कुमार सिंह एवं पर्सनल विभाग के अधिकारी विकास ओझा ,गौरव दुबे, राजकुमार बंजारे,अजितेश भट्टाचार्य के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी पहुंचे थे।

## पिता की हत्या कर खोदा गड्ढा,शव नहीं उठा इसलिए दफना नहीं सका



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में पुत्र ने टांगी से वार कर पिता की हत्या कर दी। घटना के बाद उसने साक्ष्य छिपाने के लिए घर से लगे बाड़ी में गड्ढा भी खोद लिया था। पिता का शव नहीं उठा पाने के कारण वह उसे दफना नहीं सका।डर के कारण घर में ताला बंद कर फरार बेटे को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।पिता द्वारा हर काम में रोक टोक करने से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी थी। उदयपुर थाना के ग्राम दौलतपुर में मृतक दशरथ राम ,अपने छोटे पुत्र ठाकुर राम के साथ रहता था। गांव में ही अलग घर बनाकर उसके और बेटे रहते थे। घटना दिवस चार जून 2024 से दशरथ राम के घर ताला लगा हुआ था। उसका छोटा पुत्र ठाकुर राम भी कहीं नजर नहीं आ रहा था। बाद में घर से दुर्गंध आने लगा था। अनहोनी के संदेह पर दशरथ राम के दूसरे बेटों ने गांव वालों के समक्ष घर का ताला तोड़कर देखा तो दशरथ खाट में मृत हालत मे पड़ा था। उसका शव कम्बल से ढंका हुआ था। खाट के नीचे खून गिरकर जम गया था।मृतक के साथ रहने वाला उसका पुत्र ठाकुर राम घटना दिनांक से फरार था। घटना की सूचना उदयपुर पुलिस को दी गई थी।बेटे के फरार होने के कारण उसी पर हत्या का संदेह था। मृतक दशरथ की हत्या गले में धारदार हथियार से चोट पहुंचाकर किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए उदयपुर पुलिस ने मृतक के फरार बेटे की तलाश शुरू की। गांववालों को भी इस कार्य में लगाया गया।आखिरकार पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मृतक के पुत्र ठाकुर राम को गिरफ्तार कर लिया। जब उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने पिता की हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त टांगी बरामद कर लिया है। आरोपित को हत्या के आरोप पर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है।कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर निरीक्षक कुमारी चंद्राकर,सहायक उप निरीक्षक दिलिप दुबे, आरक्षक अजय शर्मा सुरेन्द्र बारी,देवेंद्र सिंह विजय कुमार पैकरा, विवेक सिंह शामिल रहे।

## छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के दौरान हो सकता है विधानसभा उप चुनाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद विधानसभा उप चुनाव को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव के दौरान उप चुनाव की संभावना है। प्रदेश में नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकाय चुनाव होंगे। प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों में चार विधायक चुनाव मैदान में उतरे थे।

# जेल में बंद आरक्षक पर गबन का एक और मामला दर्ज

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना में पदस्थ रहते हुए मोटरयान अधिनियम के तहत वसूली की गई 17 लाख रुपये से अधिक की राशि की धोखाधड़ी कर गबन करने के मामले में एक सप्ताह पूर्व गिरफ्तार आरक्षक दीपक सिंह पर बिश्रामपुर थाने में भी ढाई लाख रुपये से अधिक शासकीय मद की राशि गबन करने का मामला सामने आने पर बिश्रामपुर पुलिस ने भी न्यायिक अभिरक्षा में सूरजपुर जेल में बन्द आरक्षक दीपक सिंह के विरुद्ध चार सौ बीसी समेत अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपित आरक्षक को निलंबित भी कर दिया गया है।

जयनगर थाना में पदस्थ रहते हुए साल 2015 से 2018 व साल 2020 से 2022 तक शासकीय मद की 17 लाख रुपये से अधिक की राशि गबन करने में मामले में एक सप्ताह पूर्व गिरफ्तार आरोपित आरक्षक दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह निवासी माइनस कालोनी बिश्रामपुर फिलहाल सुरजपुर जेल में बन्द है। वर्तमान में वह बिश्रामपुर थाना में पदस्थ था। यहां पदस्थ रहते हुए भी उसने ढाई लाख रुपये से अधिक शासकीय राशि का गबन किया है। गबन की पुष्टि होने पर उप निरीक्षक एसआर भगत ने उक्ताशय की रिपोर्ट बिश्रामपुर थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एसपी के निर्देश पर मोटरयान अधिनियम के तहत वसूल की गई समन शुल्क की राशि स्टेट बैंक की सुरजपुर शाखा के माध्यम से शासकीय मद में जमा कराए जाने का सत्यापन जिला कोषालय अधिकारी से सत्यापन कराए जाने पर खुलासा हुआ कि 16 अगस्त 2017 से 26 अप्रैल 2024 के मध्य आरक्षकों क्रमशः दीपक सिंह समेत रजिंदर एक्का, सुभाष पैकरा, अभिमन्यु व खेलसाय राजवाडे द्वारा दस चालानों के माध्यम से जमा दर्शाई गई दो लाख 56 हजार 500 रुपये जमा नही है। इस पर आरक्षक रजिंदर एक्का, सुभाष पैकरा, अभिमन्यु व खेलसाय राजवाडे ने बताया कि आरक्षक दीपक सिंह ने बैंक में राशि जमा कराने के लिए उनसे लेने के बाद उसी दिन शाम को जमा चालान की प्रति उन्हें दे दी थी। इसे उन्होंने थाने में जमा कर दिया था। उप निरीक्षक की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित आरक्षक दीपक सिंह के विरुद्ध धारा 120 बी, 409, 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर थाने में एमवी एक्ट के तहत वसूली की समन शुल्क की राशि शासकीय मद में जमा करने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज के जरिए दस चालानों की ढाई लाख रुपये से अधिक की राशि का गबन करने के मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने भी न्यायिक अभिरक्षा में सूरजपुर जेल में बंद आरक्षक दीपक सिंह के विरुद्ध धारा 120 बी, 409, 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

संबंधित सूत्रों की माने तो बिश्रामपुर पुलिस ने स्टेट बैंक की शाखा जाकर सीसीटीवी फुटेज चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए। सीसीटीवी फुटेज में कैद आरोपित आरक्षक दीपक सिंह स्पष्ट तौर पर मौके का फायदा उठाकर चालान में स्वयं बैंक की सील लगाते हुए नजर आ रहा है। इसे देखकर पुलिस के आला अधिकारी भी हतप्रभ हैं। अब पुलिस विधिवत सीसीटीवी फुटेज बैंक से बरामद करने की तैयारी में है। हमारे थाने में भी शासकीय मद की ढाई लाख रुपये से अधिक राशि का गबन करने के मामले में भी आरक्षक दीपक सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। न्यायालय से अनुमति लेकर आरोपित आरक्षक की गिरफ्तारी की जाएगी।

## युकां में हो सकता है बड़ा फेरबदल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस में बड़े बदलाव हो सकता है इसकी सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इस विषय पर जल्द ही प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक की जाएगी। इसके बाद पदाधिकारियों की चुनाव में सक्रियता और निष्क्रियता को देखते हुए उनके पद घटाए या बढ़ाए जा सकते हैं। दरअसल, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद युवा कांग्रेस की बड़ी बैठक होने वाली है। जिसमें कई बड़े पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है। युवा कांग्रेस विधानसभावार पदाधिकारियों के किए गए कामों की समीक्षा करेगी। पदाधिकारियों ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान कितना काम किया, अपने-अपने क्षेत्र में उन्हें क्या-क्या किया है। इस पर विस्तृत चर्चा होगी।

## खोडरी में बरगाह ( यादव ) समाज का बैठक किया गया



**कोरिया बैकुंठपुर।** बुधवार को जिला कार्यालय भवन ग्राम खोडरी में बरगाह (यादव) समाज का बैठक रखा गया जिसमें जिला अध्यक्ष महेश यादव के नेतृत्व में कार्यकारिणी का गठन किया गया।

प्रांतीय अध्यक्ष पवन साय यादव सूरजपुर जिला अध्यक्ष सुखलाल यादव जिला कोषाध्यक्ष रामसाय यादव जिला सचिव छत्रपाल यादव जिला मीडिया प्रभारी रामकुमार यादव ,संरक्षक गंगा दयाल यादव ,संचालक लालचंद यादव बैकुंठपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष फलेंद्र यादव पटना 84 क्षेत्रीय अध्यक्ष सहदेव यादव एवं क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अशोक यादव ,जिला सदस्य भैया लाल यादव ,महामंत्री संजय यादव ,ग्राम सभापति चंद्र प्रकाश यादव सहित भारी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिनकी उपस्थिति में निम्न पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिला सह-सचिन संतोष यादव, जिला सह-कोषाध्यक्ष गुलाबचंद यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य राजू यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक याद (भारत), कार्यालय प्रभारी सोनू यादव।

## लंबे समय से फरार इमाम झारखंड में पकड़ाया

**सूरजपुर।** बसदेई चौकी इलाके में समाज की एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में फरार जूर गांव की मस्जिद के इमाम गुलाम गौस को बसदेई पुलिस ने गढ़वा झारखंड से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित को न्यायालय ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। घटना बसदेई चौकी इलाके की है। इसकी रिपोर्ट 15 अप्रैल को पीड़ित 26 वर्षीय महिला ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। बताया गया था कि आरोपित गुलाम गौस जूर गांव स्थित एक मस्जिद में इमाम था। पीड़ित युवती के मुताबिक वह दस अप्रैल की देर शाम घर मे अकेली थी। उसी दौरान इमाम गुलाम गौस ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खोलने पर उसके पति का पूछते हुए घर मे घुस आया था। उसने बताया था कि उसके पति घर मे नही है। पानी पीने के बहाने उसने महिला का हाथ पकड़ लिया। इसका विरोध करने पर उसने महिला को बदनाम करने एवं पति की हत्या करा देने की धमकी दी। इसके बाद उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित इमाम गुलाम गौस के विरुद्ध धारा 376, 342, 458, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से आरोपित फरार था। मुखबिर की सूचना पर झारखंड गई बसदेई पुलिस टीम ने झारखंड के गढ़वा बस स्टैंड से दुष्कर्म के फरार आरोपित इमाम गुलाम गौस पिता सलीमुद्दीन 23 वर्ष निवासी ग्राम बैरिया डामर थाना डंडई जिला गढ़वा झारखंड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को उक्त धाराओं के तहत सूरजपुर न्यायालय में पेश किया।

# कुसमुंडा फोरलेन के शेष काम इस महीने होंगे पूरे, पुल के लिए एक साल का इंतजार

## 200 करोड़ दिए हैं एसईसीएल ने सड़क के लिए



**कोरबा।** चार साल बीतने के बाद भी कुसमुंडा-तरदा फोरलेन का काम नहीं हो सका। इसका आधा हिस्सा अब तक बन सका है, उसमें भी बीच के कई पेंच बाकी हैं। मंथर गति से चल रहे कामकाज और सड़क पर भारी परिवहन दबाव के कारण वायु प्रदूषण की स्थिति ने लोगों को परेशान कर रखा है। एक बार फिर दावा किया जा रहा है कि सर्वमंगला तिराहे तक के शेष बचे कार्यों को इसी महीने पूरा कर लिया जाएगा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा पांच वर्ष पहले सामाजिक उत्तरदायित्व मद से 200 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई और इसके माध्यम से इमलीछापर-तरदा तक फोरलेन सड़क बनाने का रास्ता साफ किया गया। महाराष्ट्र के नागपुर की एसएमएस कंपनी को यह काम दिया गया। लोक निर्माण विभाग की सीधी देखरेख में निर्माण का काम चल रहा है। पूर्व वर्षों में कलेक्टर और स्थानीय विधायक के बीच खराब रिश्तों की वजह से फोरलेन का काम लगातार अटकता रहा। राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण ठेकेदार ने कई मौकों पर हाथ खड़े कर दिए। काफी दबाव और आलोचना के बाद यह काम आगे जरूर बढ़ा लेकिन उतनी गति नहीं आ सकी, जो कि अपेक्षित थी। प्रशासन में फेरबदल के बाद कंपनी को काम की रफ्तार बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद कामकाज को जल्द करने के निर्देश दिए गए। इन सबका बहुत ज्यादा असर नहीं हो सका। एसईसीएल की कुसमुंडा और गेवरा खदान से कोयला लेकर दूसरे रास्तों को जाने वाली वाहनों की अधिकता इस मार्ग पर बनी हुई है। इससे फोरलेन न केवल व्यस्त हुआ है बल्कि इस वजह से बार-बार जाम लगने के साथ आसपास के रिहायशी क्षेत्रों पर भी प्रदूषण का असर हो रहा है और लोग आक्रोशित हो रहे हैं। अलग-अलग स्तर पर प्रदर्शन और दखल के चलते फोरलेन के बाकी बचे काम को जल्दी कैसे किया जाए, इसके लिए अब प्रयासों को तेज किया गया है। खबर के मुताबिक मशीनरी और मैन पावर पहले जैसा है लेकिन अब इसे अधिक एक्टिव मोड में किया गया है ताकि बार-बार बढ़ाई जा रही समयसीमा का उल्लंघन न हो।

### प्रदूषण से प्रतिकूल प्रभाव

माना जा रहा था कि एसईसीएल की खदानों से कोयला ट्रांसापोर्ट करने वाले वाहनों को नया विकल्प दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पहले की तरह एक ही सड़क से सभी वाहनों की आवाजाही बनी हुई है। कोयला वाहनों को ढंककर चलने के निर्देश जरूर दिए गए हैं लेकिन इसका परिपालन औपचारिक रूप से हो रहा है। ऐसे में लोगों के जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### मासांत तक कर लेंगे काम

कुसमुंडा क्षेत्र में निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का शेष बचा हुआ काम जून के अंतिम तक पूरा कर लिया जाएगा। यह कुछ ही क्षेत्र में बाकी है। इससे लोगों की बहुत सारी परेशानियां दूर हो सकेंगी। बरमपुर के पास दांयी तट नहर में नए पुल का निर्माण कम से कम एक साल बाद ही हो सकेगा। इसी तरह कुसमुंडा मार्ग पर एसईसीएल के साइलो के नजदीक सड़क का दूसरा हिस्सा तैयार करने के लिए भी काफी समय लगेगा।

**-जीआर जांगड़े, ईई पीडब्ल्यूडी**

## आवासों के रख रखाव पर जोर

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व रजगामार कालोनी के आवास काफी पुराने हो चुके है। आवासों में लगातार मरम्मतीकरण के कार्य किये जा रहे हैं। कोयला कामगार प्रतिदिन अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के पास पहुंच रहे हैं। एसईकेएमएसी के रामनाथ कश्यप ने प्रबंधन से मांग करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के आवास काफी पुराने है। खासकर दरवाजा, खिड़कियां टूट रही हैं। दरवाजों व खिड़कियों को बदलने की जरूरत है। मरम्मत से काम होने वाला नहीं है। इसी तरह बरसात के मौसम में छतों से भी पानी टपकता है, जिसके रखरखाव के लिए लगातार प्रयास किये जाने की जरूरत है। आने वाले दिनों में तेज वर्षा के कारण कोयला कामगार और परेशान होंगे। इससे पहले निर्माण कार्य किये जाने की जरूरत है।

## पारितोषिक वितरण होगा

**कोरबा।** एसईसीएल पंपहाउस श्रमिक क्लब के सदस्य चुनाव आचार संहिता खत्म होने का इंतजार कर रहे थे। अब इन सदस्यों को वर्ष में एक बार मिलने वाले पारितोषिक दिया जाएगा। इसके लिए समिति के घनाराम कर्ष, रवि राठौर, विजय महंत, गिरीवर राठौर के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सदस्यों को आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही पारितोषक वितरण के लिए तारीक तय किया जाएगा।

## चोरी की निकली पांच भैंस वाहन समेत चालक पकड़ाया



**कोरबा।** रात के अंधेरे में वाहन से मवेशियों को ले जाते युवकों ने पकड़कर पूछताछ की और मामले को पुलिस की जानकारी में लाया। युवकों को संदेह था कि प्रकरण तस्करी का है। पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि मामला भैंस चोरी का है। भैंस और वाहन की कीमत 10 लाख आंकी गई है। इन्हें अपने कब्जे में लिया गया है।

बालकोनगर पुलिस ने बालकोनगर निवासी हेमंत साहू की सूचना पर संज्ञान लिया। उसके द्वारा लिखित में आवेदन दिया गया था। शुरुआती तौर पर पुलिस के द्वारा 4,6,10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के अंतर्गत शून्य पर अपराध दर्ज किया गया। संबंधित प्रकरण बासिनखार क्षेत्र का था। वाहन स्वराज माजदा सीजी-10बीजी-8056 में मनीष पटेल डुग्गूपारा मूल निवासी रींवा मध्यप्रदेश में पांच मवेशियों को ले जा रहा था। पूछताछ करने के दौरान उसके अन्य साथी फरार हो गए। रजगामार चौकी प्रभारी महासिंह धुर्वे स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और प्रार्थी का बयान लिया। जांच-पड़ताल में मालूम चला कि 5 नगर भैंस चोरी की है। इस आधार पर अपराध में 379 की धारा जोड़ी गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस सिलसिले में आरोपियों की तलाश की जा रही है जो फरार है।

### अवैध बिक्री पर निगरानी

जिले में देहात क्षेत्रों से मवेशियों को अवैध रूप से बेचे जाने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है। ऐसे में पुलिस नजर रखे हुए है। मवेशियों को यहां-वहां गलत तरीके से बेचे जाने के प्रकरणों में निगरानी के साथ रोक लगाने के लिए एसपी ने अधीनस्थों को निर्देशित किया है। पिछले दिनों कटघोरा क्षेत्र में पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। उसकी रिपोर्ट पर छुरीकला के एक मवेशी कारोबारी दुकालू राम को लाइसेंस निरस्त किया गया है।

## प्रतिभावान छात्र होंगे पुरस्कृत

**कोरबा।** बरेठ समाज की संभागीय बैठक सक्ती के सिहूठ में आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा समाज को आगे बढ़ाने सभी कार्यकर्ता मिल जुल कर प्रयास करेगें। संभागीय अध्यक्ष रौशन बरेठ ने कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की जरूरत है। इसके लिए सभी लोगों को आगे बढ़कर सहयोग करना होगा। समाज के भीतर जागरूकता का अभाव है। कोरबा जिलाध्यक्ष विलाप राम कर्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में समाज को और आगे ले जाने के लिए ईकाईयो को भी सहयोग मिल रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष ने भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए कई सुझाव दिए कोरबा जिले से प्रदीप सोनसर्वा, सदानंद बरेठ, मोहन कर्ष, गिरधारी बरेठ, प्रवीण रजक, संतोष कर्ष, दिग्बंर कर्ष सहित अनेको कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।





## एनएच पर हाथी, बाइक को कुचला

**कोरबा।** झारखंड और उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे संख्या 130बी में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत हाथी की आवाजाही से यहां जाम के साथ डर की स्थिति पैदा हो गई। छोटे-बड़े वाहनों की लाइन दोनों तरफ लगी रही और लोग उनमें दुबके रहे। लगभग आधा घंटे तक इस तरह के हालात यहां बने रहे। खबर के मुताबिक हाथी को अपने बेहद करीब उपस्थित देख बाइक सवार एक व्यक्ति अपनी गाड़ी छोड़ यहां से भाग निकला। हाथी ने आव देखा न ताव और बाइक को पैरों तले कुचल दिया। किसी तरह गजराज के एनएच पार करने के बाद लोगों ने राहत ली और यहां से कूच किया।

## स्वर्ण बिंदू संस्कार 10 को बच्चों को इससे होगा लाभ



**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका में दिनांक 10 जून 2024 सोमवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार प्रात: 10 बजे से कराया जायेगा।

बताया गया कि शिविर के अंतर्गत जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## इंसेंटिव के लिए कर रहे प्रयास

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में कार्यरत कामगारों को अभी तक इंसेंटिव नही मिल पाया है इसके लिए अलग अलग प्रयास किए जा रहे है। एसईकेएमसी के भागवत सिंह व प्रमोद बनर्जी ने एसईसीएल प्रबंधन को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि पेमेन्ठ में जोड़कर इंसेंटिव प्रदान किया जाए। इसी तरह भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के मिनीलाल साहू ने बताया कि इंसेंटिव को लेकर उनका संगठन काफी गंभीर है। इसके लिए संजय सिंह व नलीन पवार के नेतृत्व में अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी। उनसे कहा जाएगा कि तत्काल इंसेंटिव राशि प्रदान की जाए। ताकि कोयला कामगारों को राहत मिल सके। अन्य संगठन भी इसके लिए अलग अलग प्रयास कर रहे है। प्रबंधन पर दबाव बनाया जा रहा है।

## अभी राहत नहीं

कोरबा। मौसम विभाग ने कोरबा और आसपास के जिलों में 15 जून तक गर्मी से राहत नहीं मिलने की जानकारी दी है। लोगों को सतर्क रहने कहा गया है।

## युवक कांग्रेसियों को मिला था दायित्व

**कोरबा।** युवक कांग्रेसियों ने की थी कड़ी मेहनत युवक कांग्रेस कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रहमान खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को अलग अलग जवाब दारी दी गईथी। दीपका क्षेत्र के नेता बालेन्द्र सिंह, भरत मिश्रा क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे। इसी तरह तारेस राठौर हरदीबाजार क्षेत्र में सक्रिय थे। जबकि वें बांकीमोंगरा अरदा क्षेत्र में अपनी टीम के साथ काम कर रहे थे। कुल मिलाकर देखा जाए तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता वरिष्ठ नेता तनवीर अहमद के मार्ग दर्शन में काम करते है।

# अतिथि शिक्षकों से परीक्षा परिणाम बेहतर होने की आस

## सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन अभी भी अपेक्षा से विपरीत

**कोरबा।** इस बार भी कोरबा जिले में बोर्ड परीक्षाओं में सरकारी विद्यालयों के परिणाम बहुत अच्छे नहीं रहे। जबकि हर वर्ष इसी बात पर जोर दिया जा रहा है कि परिणामों को बेहतर करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए और पढ़ाई के स्तर को ठीक किया जाए। अब पाठ्यक्रम समय पर कराने के लिए अतिथि शिक्षकों पर प्रशासन का फोकस है।



जिले के सैकड़ों हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल सहित मिडिल स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए अतिथि शिक्षकों का विकल्प दिया गया है। जिला खनिज न्यास मद से इस काम को करने की योजना है। इन्हें प्रशासन हर महीने 12 हजार रुपए का मानदेय देगा। कई अर्हता इसमें सबसे विशेष होंगीं। शिक्षा विभाग को ऐसा लगता है कि अतिथि शिक्षकों के जरिए स्कूलों की बेपटरी होती व्यवस्था को ट्रैक पर लाना संभव होगा और नतीजों के स्तर को भी ठीकठाक किया जा सकेगा। दूसरी ओर प्रबुद्ध वर्ग कह रहा है कि जब मोटा वेतन लेने वाले शिक्षकों का प्रदर्शन लचर है तो अतिथि शिक्षकों से बड़ी उम्मीद क्यों?

## भामसं की रैली 10 को

**कोरबा।** कोरबा जिले को प्रदूषण से मुक्त करने व पर्यावरण पर अधिक ध्यान देने को लेकर भारतीय मजदूर संघ द्वारा 10 जून को आईटीआई चौक पर धरना देते हुए रैली निकाली जाएगी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण मंच में राष्ट्रीय प्रभारी लक्ष्मण चद्रा, राष्ट्रीय सचिव आरएस जाएसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ उपस्थित रहेंगे।

## इलाज कराने आए व्यक्ति की बाइक चोरी

**कोरबा।** एमपी नगर क्षेत्र स्थित नायक नर्सिंग होम के सामने से बुंदेली निवासी चुन्नीलाल वर्मा की बाइक अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दी। वर्मा अपने पुत्र का उपचार करने के लिए नर्सिंग होम में पहुंचा था। इसके ठीक सामने उसकी बाइक खड़ी हुई थी। आधे घंटे के बाद जब वह बाहर आया तो बाइक नदारत थी। सबसे हैरान करने वाली बात यह भी रही की इस परिसर में जो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं उनका कोई मतलब नहीं। पीड़ित पक्ष के द्वारा मामले की रिपोर्ट सिविल लाइन पुलिस थाना में दर्ज कराई गई है

## महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा कल

**कोरबा।** अपने शौर्य और पराक्रम से मुगलों के छक्के छुड़ा देने वाले मां भारती के सपूत महाराणा प्रताप की जयंती 9 जून को कोरबा में धूमधाम से मनाई जाएगी। राजपूत छतरी समाज की जिला इकाई इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर पुराना बस स्टैंड से शोभायात्रा निकाली जाएगी। कई वाहन में समाज के सदस्य शोभायात्रा का हिस्सा होंगे। शाम 4 शुरू होने वाली शोभायात्रा पावर हाउस रोड ट्रांसपोर्ट नगर सीएसईबी चौराहा और अन्य क्षेत्रों से होकर महाराणा प्रताप चौराहा बुधवारी पहुंचेगी। यहां पर मुख्य समारोह संपन्न होगा। समाज के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों को कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने कहा है।

# 6 नियमित ट्रेन की सुविधा कोरबा को पहली जुलाई से

## रेलवे ने जारी की सूची




**कोरबा।** रेलवे के अमृतकाल में करोड़ों की लागत से कोरबा स्टेशन में नए ओवरब्रिज और प्लेटफार्म के शेड विस्तार का काम कराया जा रहा है। इसके साथ ही अब यात्रियों को रेल सुविधा देने के लिए कदम बढ़ाए गए हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद रेलवे ने यात्री सुविधा पर ध्यान दिया। कोरबा को इस कड़ी में कुछ ट्रेनें दी जा रही है जो रायपुर और बिलासपुर से कोरबा के बीच नियमित चलेंगी। रेलवे ने अभी इनकी समय सारिणी घोषित नहीं की है।

जारी सूची के अनुसार 08279 कोरबा-रायपुर पैसेंजर स्पेशल, 08280 रायपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल, 58203 कोरबा रायपुर और 58204 रायपुर-कोरबा के बीच पैसेंजर बनकर चलेगी। 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल, 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल, 08733 कोरबा-बिलासपुर, 08734 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल ट्रेन के रूप में संचालित की जाएगी। इसी तरह 68745 गेवरारोड-रायपुर और 68746 रायपुर गेवरारोड मेमू ट्रेन को नियमित रूप से चलाना सुनिश्चित किया गया है। आदिवासी अंचल अंबिकापुर, सूरजपुर, अनूपपुर और शहडोल के लिए भी संबंधित क्षेत्रों में नियमित ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि कुल 124 ट्रेन को इस कड़ी में शामिल किया गया है जो 1 जुलाई से नियमित रूप से चलाई जाएगी। यह संपूर्ण संख्या दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जोन के अंतर्गत आने वाले 3 मंडल से संबंधित हैं। इतनी गाड़ियों के लंबे समय से अनियमित संचालन के कारण जनता परेशान हो रही थी और कहीं न कहीं उसक आक्रोश ने रेल प्रबंधन के साथ-साथ सरकार को कड़ा संदेश देने का काम किया है।

### एक वजह यह भी

जानकारों का कहना है कि अमृतकाल में रेलवे स्टेशनों को विकसित करने के लिए भले ही काम किया जा रहा है लेकिन यात्री सुविधाओं की दुर्गति हो गई है। काफी समय से इसे लेकर शिकायतें बनी हुई है और छत्तीसगढ़ को अगर छोड़ भी दिया जाए तो दूसरे इलाकों में इसने भी लोकसभा चुनाव पर असर डाला। शायद यही कारण है कि अब कोयला लदान के साथ-साथ यात्री सेवाओं की बेहतरी के लिए फौरी तौर पर कदम उठाने पर ध्यान दिया गया है।

### दबाव ने दिखाया रंग

माना यह भी जा रहा है कि रेलवे ने कोई स्वाभाविक रूप से इस दिशा में कदम नहीं बढ़ाए हैं। इसके पीछे नागरिकों का दबाव भी काफी हदद तक कारगर रहा है। कोरबा में रेल संघर्ष समिति ने पत्राचार के साथ अधिकारियों को घेरा। यात्री हितों की लगातार अनदेखी को लेकर रेल मंत्रालय से लेकर प्रधानमंत्री तक पत्रचार किया। कोरबा से होने वाली आमदनी का संदर्भ देकर रेलवे की आंख खोलने की कोशिश की। इसके नतीजन रेलवे को यात्री हित के बारे में सोचने मजबूर होना पड़ा।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com